डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की प्रकाशित, पाक्षिक 01.01.2025 से 07.01.2025 ▶ वर्ष-41 ▶ अंक-01 ▶ मूल्य ₹ 10.00

राज्यपाल ने मध्यप्रदेश के 18 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्रियों को दिलाई शपथ

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन के सांदीपनि सभागार में 28 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस दौरान 18 मंत्री, 6 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 4 राज्य मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कैबिनेट मंत्री के रूप में कुंवर विजय शाह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, श्री प्रहलाद पटेल, श्री राकेश सिंह, श्री करण सिंह वर्मा, श्री उदय प्रताप सिंह, श्रीमती सम्पतिया उइके, श्री तुलसी सिलावट, श्री एदल सिंह कंषाना, सुश्री निर्मला भूरिया, श्री गोविन्द सिंह राजपूत, श्री विश्वास सारंग, श्री नारायण सिंह कुशवाह, श्री नागर सिंह चौहान, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री राकेश शुक्ला, श्री चैतन्य काश्यप और श्री इन्दर सिंह परमार ने शपथ ली। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में श्रीमती कृष्णा गौर, श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, श्री दिलीप जायसवाल, श्री गौतम टेटवाल, श्री लखन पटेल और श्री नारायण सिंह पंवार ने शपथ ली। राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, श्रीमती प्रतिमा बागरी, श्री दिलीप अहिरवार और श्रीमती राधा सिंह शामिल हैं। राजभवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री वी.डी. शर्मा आदि उपस्थित थे। शपथ विधि का संचालन मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने किया।

मंत्री मंडल एक नजर में

- 5 महिलाएं मंत्री मंडल में शामिल
- 3 सांसद बने कैबिनेट मंत्री
- 17 विधायक बने पहली बार मंत्री
- 29 लोकसभा सीटों में 23 सीटों से मंत्री

राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए मंत्रीगण

संक्षिप्त खबर

विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्द्ध-घुमक्कड़ वर्गों के लिये 140 आवासीय संस्थानों का संचालन

भोपाल, प्रदेश में विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्द्ध-घुमक्कड़ वर्ग के शैक्षणिक कल्याण के लिये विभाग द्वारा केन्द्र की सहायता से प्रदेश के 29 जिलों में प्रदेश के 140 छात्रावास, आश्रम और सामुदायिक केन्द्र संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2022-23 में इन क्षेत्रों में 51 लघु निर्माण कार्य करवाये गये। इस वर्ष 2023-24 में 56 लघु निर्माण कार्यों पर राशि खर्च की गई। इस वर्ष इन कार्यों पर 5 करोड़ 16 लाख रुपये का विभागीय बजट में प्रावधान किया गया है।

'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाने पर प्रधानमंत्री ने दी बधाई

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह के ताल दरबार कार्यक्रम में एक साथ 1,282 तबला वादकों द्वारा की गई प्रस्तुति पर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में अपना नाम दर्ज कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ट्वीट किया यह अद्भुत, अविस्मरणीय, अद्वितीय है। मैं संगीत की दुनिया के इन सभी कलाकारों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने भारतीय संगीत को इस आयाम तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला समाह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 से अधिक मजदूरों को शासन से मिली राहत

श्रमिकों को सम्मान और वंचितों को मान दिलाना हमारी प्राथमिकता - प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुशासन दिवस के अवसर पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु -

- 60 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट परियोजना का शिलान्यास।
- 308 करोड़ की लागत के सौर ऊर्जा प्लांट का शिलान्यास।
- 220 एकड़ पर बनने वाले सौर ऊर्जा प्लांट से इंदौर शहर में जल आपूर्ति पर निगम को होगी प्रति माह 4 करोड़ की बचत।
- कार्यक्रम में लगभग 429 करोड़ के जनकल्याणकारी विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन-लोकार्पण।
- कार्यक्रम में 6 विभागों के कुल 71 कार्यों का लोकार्पण।

इंदौर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअली सहभागिता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' पर इंदौर में हुए 'मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बटन दबाकर श्रमिकों को हितलाभ वितरण की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हुकुमचंद मिल के मजदूरों को वितरित होने वाले हितलाभ का चेक श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों और लिक्विडेटर को सौंपा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम श्रमिक भाई-बहनों की वर्षों की तपस्या तथा सपनों और संकल्पों का परिणाम है। प्रदेश की नई सरकार का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम गरीब, संघर्षपूर्ण जीवन जी रहे श्रमिकों के लिए आयोजित करना और ऐसे कार्यक्रम में मुझे सहभागिता का अवसर मेरे लिए संतोष का विषय है।

आपके परिश्रम को प्रणाम करता हूं

प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की नई टीम ऐसी ही कई ओर उपलब्धियां हासिल करेगी। यह आयोजन इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती और 'सुशासन दिवस' है। मैं जानता हूं कि आपने कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन अब आपके सामने सुनहरे भविष्य की सुबह है। इंदौर के लोग 25 दिसम्बर की तारीख को श्रमिकों को न्याय मिलने के दिन के रूप में याद रखेंगे। मैं आपके धैर्य के आगे नतमस्तक हूं और आपको प्रणाम करता हूं।

मोदी की गारंटी का भरपूर लाभ उठाएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने जो संकल्प लिए और जो गारंटी दी है, उसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। हर लाभार्थी तक शासकीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए **'विकसित भारत संकल्प यात्रा'** मध्यप्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पहुंच रही है। मोदी की गारंटी पर भरोसा जताकर हमें प्रचंड बहुमत देने वाली मध्यप्रदेश की जनता का मैं आभार व्यक्त करता हूं।

श्रमिक परिवारों की चुनौतियों से परिचित हूँ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में गरीब मजदूरों की कठिनाइयां कम हुई हैं। श्रमिक परिवारों की चुनौतियों से मैं भलीभांति परिचित हूँ। प्राय: उद्योग स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाती है, और यह उद्योग रोज़गार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम भी बनते हैं। परंतु किन्हीं कारणों से उद्योग बंद हो जाने की स्थिति में श्रमिक परिवारों को कठिन चुनौती का सामना करना पड़ता है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छता को अभियान के रूप में बढ़ाया आगे

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छोटे से छोटे काम को बड़ा महत्व दिया। उन्होंने पूरे देश में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर इसे अभियान के रूप में आगे बढ़ाया। स्वच्छता में इन्दौर प्रथम पायदान पर है। प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में हमारे देश का नाम गौरवान्वित किया है।

प्रत्येक शनिवार को चलाया जाता है स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति अनुभूति उद्यान परिसर में स्वच्छता अभियान को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उज्जैन में स्वच्छता अभियान अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित नागरिकों को उज्जैन को स्वच्छता में नम्बर-1 लाने की शपथ दिलवायी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास के साथ प्रदेश में चल रही योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर ढंग से किया जायेगा। सब मिलकर समन्वय से विकास कार्यों को आगे बढ़ायेंगे।

समीक्षा बैठक

बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने पर एकमत हुए जनप्रतिनिधि

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने पर सहमति बनी। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में बीआरटीएस से यातायात में उत्पन्न हो रही विभिन्न दिक्कतों पर विस्तृत चर्चा हुई, तत्पश्चात सहमति बनी। बैठक में राजधानी में बीआरटीएस की लंबाई के अलग-अलग हिस्सों को चरणबद्ध रूप से हटाने एवं सड़क के समतलीकरण एवं सुगम यातायात के अनुकूल मार्ग के विकास के कार्यों की योजना पर भी बातचीत हुई। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा लेक कॉरिडोर के प्रस्ताव पर भी प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीआरटीएस से उत्पन्न समस्याओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बातचीत हुई। निर्वाचित जनप्रतिनिधि जिनमें मंत्रीगण और विधायकगण शामिल हैं, उनसे भी सुझाव प्राप्त हुए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सर्वसम्मति से भोपाल के बीआरटीएस को हटाने का निर्णय हुआ।

बैठक के प्रमुख बिन्दु

- बीआरटीएस हटाने के निर्णय से व्यस्त मार्गों पर यातायात का दबाव कम हो सकेगा।
- स्थानीय परिवहन व्यवस्था अधिक सुविधाजनक बन सकेगी।
- बीआरटीएस के स्थान पर सेंट्रल रोड डिवाइडर बनाने पर बनी सहमति।
- वर्तमान बीआरटीएस व्यवस्था पर प्रस्तुतिकरण में इसके विभिन्न हिस्सों में डेडिकेटेड कॉरिडोर और मार्ग के अन्य हिस्सों में वाहनों की आवाजाही संबंधित तथ्य रखे गए।

23 दिसम्बर

बाहरी ताकतों के भरोसे न रहे फिलीपींस - चीन के विदेश मंत्री

● दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस का टकराव बढ़ गया है। चीन के विदेश मंत्री

वांग यी ने फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मेनेलो को फोन पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि फिलीपींस को दक्षिण चीन सागर में अपनी सुरक्षा के लिए किसी बाहरी देश के भरोसे नहीं रहना चाहिए क्योंकि इससे हालात सुधरने की बजाए ज्यादा खराब हो जाएंगे। यी ने कहा कि दक्षिण चीन सागर चीन का हिस्सा है, इसलिए फिलीपींस को यहां सतर्कता और समझदारी से काम लेना चाहिए। फिलीपींस के पास वक्त है कि वो सही रास्ते पर लौटे।

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, टर्मिनल-2 को हवाई अड्डों की श्रेणी में इंटीरियर 2023 का विश्व विशेष पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में टर्मिनल भवन की उद्घाटन तस्वीरें साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 न केवल बाइब्रेंट शहर बेंगलुरु की पहचान है, अपितु वास्तुशिल्प प्रतिभा को भी प्रदर्शित करता है।

24 दिसम्बर

उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करने पर निर्भर है देश की प्रगति

● उपभोक्ता मामले के मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्प-

लाइन पोर्टल का नया स्वरूप नई तकनीकों के साथ उपभोक्ताओं की समस्याओं का बेहतर निवारण करेगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि देश का विकास उपभोक्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने पर निर्भर करता है। देश में मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों को लागू कर खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करने में सफलता मिली है। इस अवसर पर उपभोक्ता आयोग के ई-जागृति पोर्टल का शुभारंभ भी किया गया।

● सरकार ने इस वर्ष देश में 11 लाख 53 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन के तौर पर पांच हजार दो सौ 28 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है। वहीं देश भर में सात हजार चार सौ 32 फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को आठ सौ करोड़ रुपये देने की स्वीकृति भी प्रदान की है। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार इस समय देश में एक सौ 48 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन काम कर रहे हैं। सरकार देश में स्वच्छ और हरित सार्वजनिक यातायात उपलब्ध कराने के प्रति वचनबद्ध है।

25 दिसम्बर

जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

● वतन को जानो कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर के युवाओं के एक दल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को देश की कला, संस्कृति, सभ्यता और विकास कार्यों के बारे में जागरूक करना है। युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में चारों ओर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन मिलकर लोगों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने ग्यारह सौ से अधिक ऑनलाइन सेवाओं के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने युवा दल से सरकार द्वारा किये जा रहे विकासात्मक प्रयासों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

● केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सुशासन दिवस के अवसर पर मिशन कर्मयोगी के विस्तारित संस्करण का शुभारंभ किया। वहीं 12 क्षेत्र विशिष्ट क्षमता निर्माण ई-लर्निंग पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिला कर्मचारियों के 'जीवनयापन को आसान' बनाने की दिशा में कई पहल शुरू की हैं। इनमें केंद्र सरकार की महिला कर्मचारियों के लिए शिशु जन्म या जन्म के कुछ दिनों के भीतर शिशु की मृत्यु के मामले में 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश देना, 730 दिन सीसीएल; जब कोई कर्मचारी सीसीएल पर हो तो अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) की सुविधा, सरकारी कर्मचारियों के लिए दिव्यांग बच्चे के मामले में 22 साल की सीमा को हटाकर बाल देखभाल अवकाश और दिव्यांग महिला कर्मचारियों को बच्चे की देखभाल के लिए 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से विशेष भत्ता दिया जाना शामिल है।

26 दिसम्बर

मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म लॉन्च

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। यह केंद्र सरकार की मेडटेक इनोवेटर्स और एडवांस हेल्थ केयर सॉल्यूशंस को सशक्त बनाने की राजनीतिक पहल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल भारतीय उद्योग के लिए गेम चेंजर साबित होगी और किफायती, गुणवत्ता वाले मेडटेक उपकरणों तथा डायग्नोस्टिक्स के स्वदेशी विकास की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा चिकित्सा उपकरण क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का एक अभिन्न अंग है। भारत 2047 तक देश में स्वास्थ्य परिदृश्य को बदलने की दृष्टि से समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है।

● राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को स्वीकृति दे दी है। संसद ने पिछले सप्ताह आपराधिक न्याय संबंधी ये तीनों नए विधेयक पारित किए थे। नए अधिनियमों में प्रथम सूचना रिपोर्ट से लेकर केस डायरी, आरोप पत्र और अदालत के फैसले तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल बनाने का प्रावधान है। नए कानूनों में उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या-मॉब लिंचिंग में मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के कई प्रावधान किए गए हैं। भारतीय न्याय संहिता में 18 वर्ष से कम आयु की महिला से दुष्कर्म के अपराध में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है। नए कानून में आपराधिक न्याय प्रणाली के अंतर्गत पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है।

27 दिसम्बर

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नियमों का पालन करने की सलाह

● केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सलाह दी है कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-डीपफेक के माध्यम से भ्रामक खबरें चलाने से सावधान रहें। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि सोशल मीडिया पर सक्रिय और अमान्य कंटेंट के बारे में लोगों को सावधान करें। विशेष रूप से उन्हें आईटी नियम के अनुसार स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं।

● केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन-वर्ष 2024-25 का आयकर भरने के लिए फॉर्म-1 और फॉर्म-4 को अधिसूचित कर दिया है। अब इन फॉर्म का उपयोग वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न भरने के लिए किया जा सकता है। आयकर रिटर्न भरने के लिए प्रत्येक वर्ष मार्च के अंत में अथवा अप्रैल के शुरू में फॉर्म को अधिसूचित किया जाता है। लेकिन इस वर्ष यह अधिसूचना दिसम्बर में ही जारी कर दी गई है, ताकि रिटर्न जल्दी भरे जा सकें। फॉर्म-1 और फॉर्म-4 ऐसे लोगों और इकाइयों के लिए होते हैं, जिनकी अधिकतम वार्षिक आय 50 लाख रुपये है।

28 दिसम्बर

पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 24 न्यायाधीशों का ट्रिब्यूनल नियुक्ति किया

● पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 24 न्यायाधीशों के अपीलीय ट्रिब्यूनल की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी की है। ये अपीलीय ट्रिब्यूनल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को स्वीकार या नामंजूर करने से जुड़ी शिकायतों का निपटारा करेगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए पर्चे भरने की अंतिम तिथि 24 दिसम्बर थी। इसके बाद ही चुनाव आयोग ने यह अधिसूचना जारी की है।

● जापान के परमाणु विनियामक प्राधिकरण (एनआरए) ने टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के काशीवाजाकी कारिवा बिजली संयंत्र पर लगाया गया प्रचालन प्रतिबंध हटा लिया है। इसके बाद इस संयंत्र से काम शुरू हो जाएगा। 8,212 मेगावाट क्षमता का यह परमाणु संयंत्र फुकुशिमा आपदा के बाद से ही ऑफलाइन है। फुकुशिमा आपदा के समय जापान में सभी परमाणु संयंत्र बंद करने पड़े थे। एनआरए ने सुरक्षा प्रबंध प्रणाली में सुधारों का हवाला देते हुए प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है।

29 दिसम्बर

माता वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंचे 96 लाख तीर्थ यात्री

● वैष्णो देवी की पवित्र गुफा का दर्शन करने के लिए इस वर्ष करीब 96 लाख तीर्थ यात्री पहुंचे। वर्ष 2012 के बाद वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले तीर्थ यात्रियों की यह सर्वाधिक संख्या है। 2012 में करीब एक करोड़ चार लाख लोग पवित्र गुफा के दर्शन के लिए पहुंचे थे। शुरू की गई स्कार्इवॉक भीड़ को व्यवस्थित करने में काफी मददगार साबित हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में माता वैष्णो देवी भवन और दुर्गा भवन में अनेक सुविधाएं शुरू की गई हैं।

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक अधिसूचना जारी कर छात्रों को एम.फिल. के डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश न लेने की सलाह दी है, क्योंकि यह अब मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। आयोग ने विश्वविद्यालयों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे एम.फिल. कार्यक्रम में प्रवेश न दें क्योंकि 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए ये अमान्य है। 2022 में जारी नए नियमों की अधिसूचना की तारीख तक प्रदान की गई एम.फिल. डिग्री वैध रहेगी। आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर यूजीसी रेगुलेशंस 2022 के रेगुलेशन नंबर 14 पर जोर दिया है, जो साफ तौर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में एम.फिल. प्रोग्राम को चलाने से रोकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

R-49307/2023

वर्ष 41, अंक 01 01.01.2024 से 07.01.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - विवेक पोरवाल
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मंत्रिमंडल विस्तार और श्रमिक मजदूरों के हित में फैसला

मध्यप्रदेश में 16वीं विधानसभा के गठन के बाद मंत्रियों का शपथग्रहण समारोह संपन्न हो गया। राजभवन में हुए समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 18 मंत्री, 6 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्यमंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों द्वारा ली गई इस शपथ के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल का पहला विस्तार हुआ। मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नए मंत्रिमंडल के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में सभी जिलों, क्षेत्रों, अंचलों और पूरे मध्यप्रदेश का समावेश करने का प्रयास किया गया है। आने वाले समय में सभी मंत्री अच्छा परिणाम देंगे, जो मध्यप्रदेश के विकास के लिए बेहतर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। विकास के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसे महज एक संयोग ही कहा जा सकता है कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर ही प्रदेश के मंत्रीगणों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। यही नहीं सुशासन दिवस का एक बड़ा उदाहरण देखने को मिला प्रदेश के इंदौर जिले में। जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की वर्चुअल सहभागिता में हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 से अधिक मजदूरों को हितलाभ के चेक वितरित किये गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मजदूरों के हित में लिया गया यह फैसला गरीबों, वंचितों, श्रमिकों एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का उजाला, संसाधनों, सुविधाओं की समान पहुंच बनाने की पहल में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

गरीबों और श्रमिकों के प्रति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशीलता का परिचय इससे भी मिलता है कि उन्होंने मंत्रियों की शपथ से पूर्व श्रमिक हितैषी कार्य करने का फैसला किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति में श्रमिकों को लाभ पहुंचाया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन के माध्यम से श्रमिकों और मजदूरों को लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार किस तरह योजनाएं तैयार करेंगी इसके संकेत दिये हैं। प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में उन चार जातियों का विशेष उल्लेख किया है जिनके कल्याण के लिये वे निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में गरीब, युवा, माताएं-बहनें और किसान भाई-बहन के हितों को साधने और उनका जीवन बदलने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश में स्वच्छता को एक मिशन के रूप में अपना चुके प्रदेश के लोगों की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छता और स्वाद के लिए मशहूर इंदौर कई क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर के विकास में यहां के कपड़ा उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 100 साल पुराने महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट की ऐतिहासिकता के बारे में बताया जो कपड़ा मिल रोजगार का बड़ा केन्द्र बनी।

उम्मीद है कि इन सभी संभावनाओं के आधार पर मध्यप्रदेश विकसित भारत संकल्प की पूर्ति में बड़ा योगदान दे सकता है।

बंदर एक मात्र पशु है जो 26 वर्षों तक अपनी स्मृति में चेहरे याद रखता है

आपको यह सुनकर शायद आश्चर्य होगा कि इस पृथ्वी पर एक ऐसा पशु भी है जिसकी स्मृति में कई वर्षों तक चेहरे रह जाते हैं। अगर वह एक बार किसी चेहरे को देख ले तो कम से कम 26 वर्ष बाद भी वह उस चेहरे को पहचान सकता है। हाल ही में हुए एक शोध में यह जानकारी सामने आई है कि पृथ्वी पर बंदर एक ऐसा पशु है जो किसी की भी छवि अपनी स्मृति में 26 वर्ष तक रखता है। यह शोध प्रोसिडिंग ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार बंदर और बोनबोस में चेहरों को पहचानने की क्षमता होती है और वे 26 वर्षों तक आसपास न रहने के बाद के चेहरे पहचान सकते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार एक आई ट्रैकिंग टेस्ट के जरिए मालूम हुआ कि बंदर और बोनबोस अपने समूह के पुराने साथियों को अजनबियों की तुलना में देखने के लिए अधिक समय लगाते हैं। इससे चेहरे को पहचानने की उनकी लंबी-अवधि की मैमोरी का संकेत मिलता है। इसमें एक बात यह भी है कि चेहरे की ओर देखने की उनकी अवधि उनके पिछले संबंधों की स्थिति के साथ जुड़ती दिखती है। वे उन चेहरों को ज्यादा देर तक देखते हैं जिनके साथ उनकी निकटता होती है। इन निष्कर्षों से यह माना जा सकता है कि मनुष्यों की लंबी अवधि की उत्कृष्ट मैमोरी की क्षमता बंदर और बोनबोस में भी हो सकती है। इसके पीछे करोड़ों वर्ष पूर्व उनके साझा पूर्वज होने का कारण भी हो सकता है।

इस शोध पत्र की लेखिका लुआरा लेविस अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले से जुड़ी हैं। उनके अनुसार इन निष्कर्षों से बंदर और बोनबोस के पास लंबी-अवधि की मौमोरी होने का पता चला है। इस शोध से बंदरों की मेमोरी पर उनके सामाजिक संबंधों का असर होने का संकेत मिला है। यह हैरान करने वाली बात है कि इस सामाजिक मैमोरी की अवधि और प्रकार मनुष्यों की लंबी-अवधि की मैमोरी के लगभग समान है। इससे पहले कुछ शोध में बंदर के पास मनुष्यों के समान प्रतिक्रिया देने की कुछ क्षमता की जानकारी सामने आई थी।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

विकसित भारत प्रधानमंत्री की संकल्पना में सबसे आगे मध्यप्रदेश

19 योजनाओं के क्रियान्वयन की देशभर में सराहना

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विश्व के विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार और समाज दोनों अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। इसका लाभ दोनों ओर दिखने लगा है। एक ओर भविष्य के विकसित भारत निर्माण में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित हो रही है और दूसरी ओर मध्यप्रदेश का स्थान भी भारत के विकसित प्रांतों में सबसे आगे होने जा रहा है। केन्द्र सरकार की उन्नीस योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश या तो पुरस्कृत हुआ अथवा श्रेष्ठतम होने की प्रशंसा मिली। कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन का अध्ययन करने के लिये अन्य प्रांतों के प्रतिनिधिमंडल भी मध्यप्रदेश आये।

लक्ष्य की प्राप्ति के लिये तीन आधारभूत तैयारियां होती हैं। एक व्यक्ति का स्वस्थ रहना, दूसरा चिंतामुक्त रहना और तीसरा स्वयं की प्रतिभा और क्षमता का विकास। प्रगति यात्रा का यह सिद्धांत व्यक्ति, समाज और राष्ट्र तीनों पर समान रूप से लागू होता है। यदि कोई व्यक्ति, समाज या राष्ट्र प्रगति पथ पर अग्रणी होना चाहता है तो उसे सबसे पहले इन तीनों बिन्दुओं पर आधारभूत तैयारी करनी होगी। तभी वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पद संभालते ही इन तीनों दिशाओं में काम आरंभ किया। अच्छे स्वास्थ्य के लिये स्वच्छता आवश्यक होती है। कितने वायरस, बैक्टीरिया या बीमारियां केवल गंदगी से पैदा होती हैं और स्वास्थ्य बिगाड़ देतीं हैं। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा। प्रतीक के रूप में वे स्वयं झाड़ू लेकर दिल्ली के प्रगति मैदान पर पहुंचे। उनके आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता की मानों स्पर्धा ही आरंभ हो गई। श्रेष्ठतम स्वास्थ्य के लिये प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना आरंभ की तथा चिंता मुक्त समाज जीवन के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, हर घर नल योजना आरंभ कीं तो व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतिभा विकास योजना आरंभ की और फिर इसके साथ चहुं आयामी विकास की योजनाएं लागू कीं। विकसित भारत के लिये आर्थिक और मानसिक आत्मनिर्भरता आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न दिशाओं में योजनाएं लागू की गईं।

सबसे आगे मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनाने के इस आधारभूत चिंतन पर मध्यप्रदेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है। मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रांत है। यह माना जाता है कि यदि हृदय स्वस्थ है, चैतन्य है तो पूरा शरीर सक्रिय रहता है। इसलिए विकसित भारत अभियान में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण है और यह प्रदेश अपनी भूमिका और गरिमा के अनुरूप ही कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप स्वच्छता, स्वास्थ्य और चिंता मुक्त जीवन की दिशा में सर्वाधिक सक्रियता मध्यप्रदेश ने दिखाई। स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के लिये आरंभ किये गये स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया। प्रदेश को स्वच्छता क्षेत्र में 16 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। मध्यप्रदेश का इंदौर नगर लगातार छह बार देश का नंबर वन स्वच्छ नगर बना। इंदौर को 7 स्टार रेटिंग मिली, वहीं 99 अन्य नगरीय निकायों को भी स्टार रेटिंग प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त इंदौर के समीप प्राम कासी-बिल्लोद में देश की पहली ग्रामीण मल-कीचड़ प्रबंधन इकाई का निर्माण किया गया। जो भारत के अन्य प्रांतों के लिये एक उदाहरण बना। इस वर्ष अब तक ग्रामों में ओडीएफ स्थिति की निरंतरता के लिए करीब 97 हजार व्यक्तिगत शौचालय एवं पौने 3 हजार सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया है। साथ ही 12 हजार से अधिक ग्रामों को पूर्ण रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं 16 हजार ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है। इस वर्ष प्रदेश के 15 हजार 890 ग्रामों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों एवं ओडीएफ प्लस बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पूर्णता की ओर है। यह भी प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने और मध्यप्रदेश को देश में अग्रणी प्रांत बनाने की दिशा में ठोस प्रयास है।

विकसित भारत निर्माण के लिये एक महत्वपूर्ण आवश्यकता अन्न और कृषि उत्पादन की है। मध्यप्रदेश इस दिशा में भी देश के अन्य प्रांतों से बहुत आगे रहा है। स्वच्छता की दिशा में कार्य करने की भांति कृषि अधोसंरचना विकास के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला। कभी अपने खाद्यान की आवश्यकता के लिये गेहूं का आयात करने वाला मध्यप्रदेश अब गेहूं का निर्यातक बन गया है और यह गौरव की बात है कि गेहूं के निर्यात में मध्यप्रदेश की सहभागिता 45 प्रतिशत रही जो देश में सर्वाधिक है। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और कृषि उत्पादन में केन्द्र सरकार की योजनाओं में मध्यप्रदेश द्वारा अपनी ओर से किये गये प्रयासों का ही परिणाम है कि मध्यप्रदेश का स्थान देश में अग्रणी बना और कृषि कर्मण अवॉर्ड भी मिले। कृषि क्षेत्र में ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत दस लाख हितग्राहियों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए। यह भी देश में सर्वाधिक है। लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे, वे पूरी क्षमता से कार्य कर सकें, इसके लिये मध्यप्रदेश में 3 करोड़ 71 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये। इस योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र सड़क निर्माण की गुणवत्ता में भी मध्यप्रदेश को प्रथम पुरस्कार मिला। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना में पांच हजार करोड़ का निवेश वितरण हुआ। यह भी पूरे देश में सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 45 लाख से अधिक हितग्राहियों को 1700 करोड़ रुपये वितरित किये गये यह भी देश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश में कुल एक लाख 12 हजार से अधिक मछुआ क्रेडिट कार्ड वितरित किये गये यह संख्या भी देश में सर्वाधिक है। वहीं 4 लाख 31 हजार पशुपालन कार्ड वितरित कर मध्यप्रदेश द्वितीय स्थान पर रहा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश का स्थान देश में तीसरा रहा। इस योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा छह हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि दी जाती है। मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी ओर से चार हजार रुपये बढ़ाकर इस राशि को दस हजार रुपये किया। खनिज क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश को 7 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी। वर्ष 2022 में प्रदेश का बुरहानपुर जिला जल जीवन मिशन में हर घर नल से जल सर्टिफाइड जिला बना। नशामुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मध्यप्रदेश को 8 नेशनल टूरिज्म अवॉर्ड और मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट के अवॉर्ड भी मिले।

मध्यप्रदेश को आयुष्मान भारत योजना में नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेस के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला। इससे पहले वर्ष 2021 के लिए ई-पंचायत पुरस्कार भी मध्यप्रदेश को प्राप्त हो चुका है।

मोटा अनाज (मिलेट) के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश को बेस्ट इमर्जिंग स्टेट का अवॉर्ड मिला। वहीं प्रदेश में मछली उत्पादन के बेहतर प्रबंधन और उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी के लिए प्रदेश को विशेष श्रेणी में उत्कृष्ट पुरस्कार मिला है। नशा मुक्ति अभियान में मध्यप्रदेश देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। यद्यपि अभी प्रथम स्थान पर तो न आ पाया लेकिन जो प्रदेश कभी 17वें स्थान पर था अब पांचवे स्थान पर आ गया है। जल संरक्षण में विशेषकर नदियों की सफाई, नदी संरक्षण, नदी जोड़ो, तालाब सरोवर आदि के संरक्षण में मध्यप्रदेश देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। मध्यप्रदेश में अनुसूचित आबादी बाहुल्य 1630 गांवों में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह संख्या भी देश में सर्वाधिक है। दिव्यांग कल्याण योजना के लिये भी मध्यप्रदेश को प्रथम पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त वन्यजीव संरक्षण विशेषकर चीता संरक्षण में भी मध्यप्रदेश पुरस्कृत हुआ है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये सौंपे गए दायित्व

यद्यपि मध्यप्रदेश इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी राज्य रहा है। पर भारत राष्ट्र की प्रगति के लिये केवल अग्रणी हो जाना ही पर्याप्त नहीं। राष्ट्र की सफलता के लिये प्रत्येक नागरिक का सहभागी होना अनिवार्य होता है। यही जन जागरण करके और प्रत्येक नागरिक को योजनाओं से जोड़ने के लिये इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। इसमें मध्यप्रदेश शासन की पूरी टीम हितग्राहियों को योजना समझाकर मौके पर ही औपचारिकता पूर्ति का काम कर रही है। यह यात्रा 16 दिसम्बर से आरंभ हुई है और 26 जनवरी तक चलने वाली है। इस यात्रा और विकसित भारत के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विशेष रुचि है। उन्होंने स्वयं इस यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ किया था और वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये हितग्राहियों से भी चर्चा की थी। मध्यप्रदेश में यात्रा को सफल बनाने के लिए जिलेवार काम किया जा रहा है। इसके लिये प्रशासन तंत्र, जन प्रतिनिधि तथा स्वयं सेवी संस्थाएं सक्रिय हैं। जो यात्रा के समापन के बाद भी जारी रहेगा। मध्यप्रदेश में प्रगति की दिशा को गतिमान बनाये रखने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने मंत्रिमंडल और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए और सबकी जिम्मेदारी तय की।

रमेश शर्मा

(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474011

फोन : 0751-2344420 (O), ईमेल : seresgwalior@mp.gov.in

क्रमांक/1345/ग्रा.यां.से./ई-निविदा/2023 ग्वालियर, दिनांक : 20.12.2023

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 08/SERESGwl/2023-24

निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

क्र.	टेण्डर आईडी क्र.	कार्य का नाम/स्थान	जिले का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2023_RES_311894_1	मुख्यमंत्री ग्राम सरोवर योजनांतर्गत तालाब निर्माण सुनारी (शेष कार्य) ज.पं. भाण्डेर (पिन-475685)	दतिया	25.15	180 दिन
2.	2023_RES_320626_1	सेंवढ़ा दतिया रोड से मदनपुरा का शेष कार्य ज.पं. सेंवढ़ा (पिन-475682)	दतिया	45.00	180 दिन
3.	2023_RES_320628_1	ग्रेवल रोड देहरा ईसागढ़ रोड से सिरसोदा ज.पं. बदरवास (पिन-473885)	शिवपुरी	63.61	270 दिन
4.	2023_RES_320629_1	ग्रेवल सड़क ग्राम सारेठा चौराहे से काबर बमोरी की ओर ग्रा. पं. पाटन ज.पं. बमोरी (लं. 4.00 कि.मी.) (पिन-473105)	गुना	58.10	270 दिन
5.	2023_RES_320630_1	बी.टी. रोड निर्माण कार्य कुंदौरा चीलखेड़ा (PMGSY) रोड से कालापहाड़ का शेष कार्य (पिन-473001)	गुना	31.31	270 दिन
6.	2023_RES_320631_1	बी.टी. रोड निर्माण कार्य धानवाड़ी पिपरिया रोड से बरोदिया का शेष कार्य (पिन-473001)	गुना	36.14	270 दिन
7.	2023_RES_320632_1	सीमेन्ट कांक्रीट रोड सह नाली निर्माण कार्य दीनदयाल के मकान से बीलखेड़ा नाले की ओर ग्राम आनापुरा ग्रा.पं. पाठी (पिन-473115)	गुना	23.05	180 दिन

1. विस्तृत निविदा सूचना विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 27.12.2023 समय 09.00 AM से **12.01.2024** समय 06.00 PM तक केवल ऑनलाइन क्रय एवं सबमिट किये जा सकेंगे।
3. यदि निविदा में कोई संशोधन किया जाता है तो सिर्फ Web Portal **https://www.mptenders.gov.in** पर ही Publish किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री

जी-22162/49297/2023 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल ग्वालियर

क्रमांक 27150001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1456
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ईमेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 560/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 26.12.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 10.01.2024** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_312467	फतहपुर, पिपल्याकला, धमनिया, गणेशपुरा, ढाबलीखुर्द, लिम्बोदा टैंक गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	4.00
2.	2023_WRD_318221	देपालपुर तालाब की भूमिगत नहर की सफाई एवं वार्षिक मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	इंदौर	4.48
3.	2023_WRD_318223	चावड़ीपुरा तालाब की नहर पर सायफन का वार्षिक मरम्मत कार्य।	इंदौर	1.49
4.	2023_WRD_318226	जल संसाधन संभाग जिला धार के अंतर्गत बरखेड़ा मध्यम सिंचाई परियोजना के 10 ग्रा रेडियल गेटो एवं गैन्ट्री क्रेन हेतु इलेक्ट्रिकल डिस्ट्रीब्यूशन पैनल एवं केबल के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य।	धार	10.86
5.	2023_WRD_318458	खुजनेर डी.सी. के रोज्या-करेड़ी रोड (रोज्या बांध क्षेत्र) पर विभिन्न ग्रामों में 11 के.वी. लाइन एवं के.वी. लाइन एवं 25 के.वी.ए. डी.टी.आर. शिफ्टिंग का कार्य।	भोपाल	4.71
6.	2023_WRD_318459	मोहनपुरा वृहद बांध के इंस्ट्रूमेंटेशन रूम, स्ट्रीट लाईट्स एवं इंस्पेक्शन हट एक्स.एल.पी.ई. इंसुलेटेड पॉवर केबल सप्लाई का कार्य।	भोपाल	8.62
7.	2023_WRD_318460	सापन लिफ्ट स्कीम, इलेक्ट्रिकल पैनल (वी.सी.बी. ऑटो ट्रांसफार्मर स्टार्टर, डिस्ट्रीब्यूशन कैपीसिटर बैंक), 1500 के.वी.ए. 33/0.4 के.वी. सब स्टेशन एवं अन्य उपकरणों का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	17.54
8.	2023_WRD_318461	मक्रोदा टैंक के 02 नग गेट्स का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	1.91
9.	2023_WRD_318463	कुण्डलिया बांध, हेतु कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	3.38
10.	2023_WRD_318464	कुण्डलिया बांध, के डूब क्षेत्र में 11 के.वी. भंडावत डी.एल. फीडर के ऐक सेक्शन की री-राउटिंग का कार्य।	भोपाल	1.40
11.	2023_WRD_318465	कोलार वृहद, सीहोर पर केबल का प्रदाय एवं लगाने का कार्य।	भोपाल	2.47
12.	2023_WRD_318534	मुख्य अभियंता, बोधी एवं अधीनस्थ कार्यालयों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन एवं उपकरणों का वार्षिक रखरखाव कार्य।	भोपाल	19.99
13.	2023_WRD_318535	जल संसाधन विभाग की विभिन्न प्रकोष्ठो एवं मुख्य अभियंता, बोधी हेतु फोटोकॉपी मशीन किराये पर लेना।	भोपाल	1.52
14.	2023_WRD_319017	सम्राट अशोक सागर परियोजना विदिशा दांयी तट नहर की लघु नहर आर.एम.-3 की सी.सी. लाइनिंग का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	विदिशा	3.64
15.	2023_WRD_319018	सम्राट अशोक सागर परियोजना की एस.बी.सी. की पीपलखेड़ा वितरिका क्र. आर.एम.-3 बी के स्ट्रक्चर का सुधार कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	विदिशा	16.04
16.	2023_WRD_319465	आमगांव (पोंगर) जलाशय एल.बी.सी. नहर में आर.डी. 3450 मी. सी.डी. निर्माण कार्य।	बालाघाट	4.68
17.	2023_WRD_319757	सम्राट अशोकर सागर परियोजना विदिशा की आर.एम.-6/डी-3/ एल.बी.सी. की आर.डी. 1950 मी. पर स्थित व्ही.आर.बी. का सुधार कार्य।	विदिशा	5.15
18.	2023_WRD_319772	संजय सागर बाह् मध्यम परियोजना के बांध सुरक्षा हेतु बंदूकधारी प्रायवेट गार्ड का प्रदाय कार्य।	विदिशा	16.26
			कुल योग	128.14

जी-22361/49301/2023 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल मंडल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष (फोन) - 0755-2738774, E-Mail_ID - seresbhopal@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 09/2023-24

क्रमांक 2310 दिनांक :- 22.12.2023

मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	ग्रायांसे संभागीय कार्यालय	सिस्टम टेण्डर नम्बर	आमंत्रण का क्रम	कार्य का नाम	निर्माण कार्यों की अनु. लागत (लाख में)
01	सीहोर	2023_RES_321415_1	प्रथम	ग्राम श्यामपुरा और निमोटा में मंगल भवन निर्माण कार्य (भैरूंदा)	35.86
02	सीहोर	2023_RES_321417_1	प्रथम	मगरिया में सीसी रोड का निर्माण कार्य (भैरूंदा)	24.45
03	सीहोर	2023_RES_321419_1	प्रथम	ग्राम गोहान से हाथी घाट तक 3.00 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण कार्य (भैरूंदा)	96.48
04	सीहोर	2023_RES_321421_1	प्रथम	सीसी रोड निर्माण कार्य शांतिधाम तक 01 कि.मी. ग्राम झिरनिया, ग्राम पंचायत पलासीकलां (भैरूंदा)	91.31
05	सीहोर	2023_RES_321424_1	प्रथम	ग्राम बगवाड़ा में 01 कि.मी. सीसी रोड निर्माण कार्य ग्राम बगवाड़ा (भैरूंदा)	24.72
06	सीहोर	2023_RES_321425_1	प्रथम	ग्राम निम्नागांव में आदिवासी मोहल्ले से पटेल के घर तक 700 मी. सीसी रोड निर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत निम्नागांव (भैरूंदा)	48.90
07	सीहोर	2023_RES_321427_1	प्रथम	ग्राम रेरूगांव में 500 मी. सीसी रोड एवं नाली निर्माण ग्राम पंचायत सांवलखेड़ा (बुदनी)	69.26
08	सीहोर	2023_RES_321428_1	प्रथम	ग्राम व ग्राम पंचायत निमोटा में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य (भैरूंदा)	22.18
09	सीहोर	2023_RES_321429_1	प्रथम	ग्राम व ग्राम पंचायत निमोटा में सेवा सहकारी भवन निर्माण कार्य (भैरूंदा)	118.16
10.	सीहोर	2023_RES_321431_1	प्रथम	ग्राम व ग्राम पंचायत अम्बाकदीम से खाती टप्पर तक ग्रेवल मार्ग (भैरूंदा) लम्बाई 2.50 कि.मी.	65.19
11.	सीहोर	2023_RES_321432_1	प्रथम	ग्राम व ग्राम पंचायत सत्रामऊ में सीसी रोड आंतरिक मार्ग (500 मीटर) एवं नाली का निर्माण कार्य (बुदनी)	75.78
12.	सीहोर	2023_RES_321434_1	प्रथम	ग्राम अकोला से पगरिया ग्रेवल रोड निर्माण (बुदनी)	47.32
13.	सीहोर	2023_RES_321436_1	प्रथम	गोपालपुर बंजारी बालाजी मंदिर के समीप सामुदायिक एवं जनसुविधाओं का निर्माण कार्य (भैरूंदा)	81.49
14.	सीहोर	2023_RES_321437_1	प्रथम	ग्राम व ग्राम पंचायत बरखेड़ा के हाईस्कूल भवन का जीर्णोद्धार/बाउण्ड्रीवाल का निर्माण (बुदनी)	40.75
15.	सीहोर	2023_RES_321438_1	प्रथम	ग्राम ठीकरी ग्राम पंचायत कुसुमखेड़ा में 1500 मी. आरसीसी नाली निर्माण कार्य (बुदनी)	20.38
16.	सीहोर	2023_RES_321439_1	प्रथम	ग्राम व ग्राम पंचायत लाड़कुई दशहरा मैदान में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य (भैरूंदा)	24.45
17.		2023_RES_321440_1		ग्राम व ग्राम पंचायत नीलकंठ मंदिर के समीप सामुदायिक जनसुविधा का कार्य (भैरूंदा)	81.49
18.	विदिशा	2023_RES_321441_1	प्रथम	नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण ग्राम अम्बानगर, ग्राम पंचायत अम्बानगर, विकासखण्ड गंजबासौदा	23.25
19.		2023_RES_321444_1	प्रथम	ग्रेवल सड़क निर्माण लटेरी नजीराबाद रोड मुण्डेला 1.00 कि.मी. ग्राम पंचायत मुण्डेला, जनपद पंचायत लटेरी	73.75

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 29.12.2023 समय 18.00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का **अंतिम दिनांक 15.01.2024** समय 18.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर दी जावेंगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री

जी-22302/49298/2023 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल मण्डल भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1
शेड क्र.-7 जवाहर चौक, भोपाल

निविदा सूचना क्र.-93/व.ले.लि./2023-24 भोपाल, दिनांक : 26.12.2023

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	निविदा सूचना क्र.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि रु. लाखों में	अमानत राशि
1.	93	2023_PWDRB_321986	लाल परेड मैदान/मोती लाल नेहरू स्टेडियम एवं पुरानी केन्द्रीय जेल भोपाल में गणतंत्र दिवस समारोह 2024 एवं लोकसभा चुनाव, 2024 कार्यक्रम के लिये चुनाव संबंधित सामग्री वितरण, प्राप्तिकरण एवं गणना कार्य हेतु टेंट एवं अन्य सामग्री प्रदाय तथा लगाने का कार्य।	रु. 3,00,00,000/- (रु. तीन करोड़ मात्र)	रु. 300000/-

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 08.01.2024 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र.-1 भोपाल
जी-22350/49300/2023 **दूरभाष - 0755-2777485**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-01, नर्मदापुरम (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 37/2023/e-Tender/N.puram **दिनांक : 22.12.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. बाबरी सब स्टेशन से परिक्रमा मार्ग, काल्याखेड़ी से झिल्लाय मार्ग, भेला से चतुर्भुज मार्ग का निर्माण, लंबाई 6.00 कि.मी.।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (लाख में)	अमानती राशि
2023_PWDRB_321519	नर्मदापुरम	सड़क कार्य	द्वितीय	492.58	492580/-

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.01.2024 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही प्राप्त किए जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-22348/49299/2023 **लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरम**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal 462011 (M.P.)
No./20701/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 28.12.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 1161 (RCPLWEA-Bridge) (Batch-I, Year 2022-23)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below :-

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1	Balaghat	1	1	50065000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from 29.12.2023 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 15.01.2024 (17:00 hrs.)
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)
M.P. Madhyam/113008/2023

''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49303/2023

Computer Proficiency Certification Test

Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited

Exam Registration Opens

MPSEDC/CPCT/Exam/2023/6234

"म.प्र. शासन द्वारा सरकारी रोज़गार हेतु आवश्यक CPCT स्कोर कार्ड"

राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कम्प्यूटर दक्षता/कौशल प्रमाणीकरण हेतु संविदा/नियमित नियुक्तियों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार (CPCT पोर्टल पर उपलब्ध) सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर क्षेत्र में कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का स्कोर कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है।

परीक्षा तिथि : 27-28 & 29 जनवरी 2024 | **पंजीयन तिथि : 26 दिसम्बर 2023 से 09 जनवरी 2024**

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 11 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024

- CPCT परीक्षा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, सतना में आयोजित की जाएगी।
- CPCT नियम पुस्तिका में आवेदन फॉर्म में सुधार हेतु नियम उपलब्ध कराए गए हैं।
- CPCT नियम पुस्तिका में निशक्तजनों से संबंधित नियम उपलब्ध कराये गए हैं तथा लेखक की सुविधा हेतु आवेदन का प्रारूप CPCT पोर्टल पर उपलब्ध है।
- CPCT परीक्षा सम्बन्धी समस्त जानकारी/विवरण एवं नियम पुस्तिका तथा आगामी परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर CPCT पोर्टल (**www.cpct.mp.gov.in**) पर उपलब्ध है।
- मूल (Original) फोटोयुक्त पहचान पत्र लाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को दोनों अनुभाग (कंप्यूटर एवं टाइपिंग) में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
- CPCT परीक्षा का संचालन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान परीक्षा कराने के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

परीक्षा एवं पंजीयन की सुविधा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में उपलब्ध होगी। आवेदकों को परीक्षा के लिए **आवेदन ऑनलाइन ही भरने होंगे।** आवेदक अपना पंजीयन MP-Online के Kiosks से भी कर सकते हैं।

मुख्य महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (MPSeDC)
स्टेट आई टी सेंटर, 47-A, अरेरा हिल्स भोपाल-462011

Note : MPSeDC द्वारा प्रदेश में किसी भी संस्था को CPCT प्रशिक्षण हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।

CIN:C29421MP1984SGC002250

R-49302/2023

MADHYA PRADESH INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road INDORE- 452001 (M.P.)
CIN : U51102MP1977SGC001392, Phone : (O) 0731-2970611, 2971311, 2974363
Fax No. : 0731-2972629, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
No. MPIDC/ROIND/TECH/2023/15556 Date : 27.12.2023

EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

MPIDC Regional Office Indore (formerly known as MPAKVN (I) Ltd. Indore) invites online Expression of Interest (EoI) for Empanelment of Consultants for Electrical works of MPIDC Indore
The Detailed NIT and EOI Documents can be purchased from website **https://www.mptenders.gov.in**. Help manual to the contractors can be seen on the portal of E-Procurement system. Tender details as below:

Sr. No.	Name of works	Bid Security (Rs.)	Cost of RFP Document + GST (Rs.)	Eligibility criteria
1.	Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Consultants for Consultancy Work for Preparation of D.P.R. Detailed Bill Of Quantities, Block Estimate for Execution of Electric Works Required to be done in Industrial Areas of MPIDC Ro Indore and Also getting this Estimate approved from concerned authority with in prescribed time limit. Ist Call	Rs. 1,00,000/-	Rs. 5,900/- (Non-Refundable)	As specified in RFP Documents

Note :
1. The EOI Document can be purchased only online from 01.01.2024 at 17:31 Hrs. to 18.01.2024 at 17:30 Hrs. Other key dates may be seen in bid data sheet.
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.
3. Any type of exemption in Tender Form Fees/EMD will not be allowed and Tender without Tender form Fees/EMD shall be rejected prima-facie.

M.P. Madhyam/113021/2023 R-49305/2023 **SENIOR PROJECT ENGINEER**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1 भदभदा रोड, भोपाल
क्र./1241/तप्रा/प.यं./2023 **दिनांक : 27.12.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण इत्यादि कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2023_MPPHC_322417_1, (2) 2023_MPPHC_322418_1 (3) 2023_MPPHC_322421_1 दिनांक 10.01.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/113010/2023 R-49304/2023 **परियोजना यंत्री**

एयरपोर्ट निर्माण से जुड़े सभी कार्य समय-सीमा में पूरें किये जायें

रीवा, राज्य मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एयरपोर्ट विकास से जुड़े निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण स्थल पर अद्यतन कार्यों की समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि एयरपोर्ट निर्माण से जुड़े सभी कार्य समय सीमा में पूरा करें। फरवरी माह में एयरपोर्ट का लोकार्पण किया जायेगा एवं रीवा हवाई सेवा से अन्य बड़े शहरों से जुड़ जायेगा।

समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। जिन कुछ लोगों को अभी मुआवजा नहीं मिला है उन्हें तत्काल मुआवजा राशि प्रदान की जाये। एसडीएम हुजूर इन कठिनाईयों को तत्परता से दूर कराकर निर्माण कार्यों को पूरा कराने में सहयोग करें। एयरपोर्ट के सीमा क्षेत्र में बड़े टावर लगाने एवं अधिक ऊंचाई के निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध रहता है इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Deptt., Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal- 11 (M.P.)
No. 20746/22/D-12/SQC-Brg./23 Bhopal, Dated : 29.12.2023

SQC CONSULTANCY OF BRIDGES (E-PROCUREMENT NOTICE)

Online Bids are invited through e-procurement portal **http://mptenders.gov.in** from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Bridge works being constructed on Rural Roads for the following packages.

- **No. of Packages - 04**
- **No. of Bridges - 35**

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) - Rs. 986152000.00

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on 02.01.2024.
2. Last Date of Submission of bid is date 18.01.2024 up to 17.30 Hrs.
   Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Bridge works June, 2021 on our Website **http://mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/113024/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49306/2023

एमपी पीएससी 2019 की टॉपर बनीं प्रिया पाठक डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ चयन

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने वर्ष 2019 की परीक्षा के अंतिम परिणाम जारी कर दिये हैं। इस परीक्षा में सतना जिले के नागौद की निवासी प्रिया पाठक टॉपर रहीं। 'रोज़गार और निर्माण' के लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रिया पाठक से परीक्षा की तैयारी, चुनौतियों और परिणाम को लेकर बातचीत की गई। प्रस्तुत हैं बातचीत के संपादित अंश-

❍ आपकी स्कूल की पढ़ाई कहां हुई और आपने ग्रेजुएशन किस विषय में किया?

❑ मेरी स्कूल की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय सतना से हुई। कक्षा 12वीं के बाद मैंने बायोटेक्नोलॉजी विषय में ग्रेजुएशन की पढ़ाई रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (जबलपुर) से पूरी की। ग्रेजुएशन के बाद मैंने पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया।

❍ आपने कब निर्णय लिया कि प्रशासनिक सेवा में अपना कैरियर बनाना है?

❑ मैं जब कक्षा 12वीं में थी तब मेरे पिता ने मुझे कहा था कि मेरा सोशल स्टडीज विषय काफी मजबूत है। इसलिये मुझे प्रशासनिक सेवा से जुड़ी परीक्षाओं के लिये कोशिश करना चाहिए। लेकिन उस समय मैंने इस बात पर इतना ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब मैं कॉलेज पहुंची तो पढ़ाई के दौरान जो समय मिलता था उसमें मैं समाचार-पत्र, पत्रिकाएं पढ़ने लगी ऐसे में धीरे-धीरे मुझे लगा कि यह मेरे इंट्रेस्ट का विषय है और मैंने तभी निश्चय किया कि मैं प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ूंगी और इसके बाद मैंने लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। मुझे यह जॉब प्रोफाइल सबसे ज्यादा आकर्षित करता था। इसमें प्रशासनिक पद पर रहते हुए खुलकर काम करने का अवसर मिलता है। आप समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं इसलिये मैंने इस क्षेत्र में कैरियर बनाने का फैसला किया।

❍ इससे पहले भी परिवार में कोई प्रशासनिक सेवा में रहे हैं?

❑ नहीं, इससे पहले हमारे परिवार में कोई भी व्यक्ति प्रशासनिक सेवा में नहीं रहा है। मेरे पापा शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं और माता गृहिणी हैं। मेरी एक बहन हैं जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है और भाई कक्षा 10वीं में है। मैं मेरे परिवार से पहली प्रशासनिक अधिकारी बन रही हूं।

❍ एमपी पीएससी के लिए आपका यह कौन सा अटेम्प्ट था, इससे पहले आपने कौन-कौन सी परीक्षाएं दी हैं?

❑ मैं वर्ष 2018 में अंडर एज होने के कारण एमपी पीएससी की परीक्षा में नहीं बैठ सकी। इसलिये मैंने यूपीएससी की परीक्षा दी। हालांकि उस परीक्षा में मेरा चयन नहीं हुआ। उसके बाद मैंने वर्ष 2019 में पहली बार एमपीपीएससी की परीक्षा दी। पहले ही अटेम्प्ट में मैंने प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा पास की। फाइनल रिजल्ट में देरी होने के कारण मैंने वर्ष 2020 और 2021 की परीक्षा भी दी। वर्ष 2020 की परीक्षा का रिजल्ट कुछ महीने पहले ही आया जिसमें मेरा चयन डीएसपी पद के लिये हुआ है।

❍ परीक्षा की तैयारी के लिये आपने किसी कोचिंग की मदद ली या सेल्फ स्टडी पर फोकस किया?

❑ मैंने ग्रेजुएशन की पढ़ाई जबलपुर और पोस्ट ग्रेजुएशन इंदौर से किया है। इस दौरान इंदौर में रहते हुए मैंने सेल्फ स्टडी पर ज्यादा फोकस किया। हमें परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट देने होते हैं। इसलिये मॉक टेस्ट के लिये मैंने कोचिंग संस्थानों की मदद ली। इसके अलावा सेल्फ स्टडी पर ज्यादा भरोसा किया। इसके लिये मैंने 'रोज़गार और निर्माण' में प्रकाशित होने वाले मल्टीपल च्वॉइस क्वेश्चन और करेंट अफेयर्स की डीप स्टडी की। इसमें मध्यप्रदेश से संबंधित प्रकाशित होने वाली जानकारी पढ़ाई के दौरान काफी मददगार रही।

❍ आपने परीक्षा की तैयारी के लिये क्या प्लानिंग की?

❑ वर्ष 2019 में एमपी पीएससी का सेलेक्ट काफी अलग था। मेरी पढ़ाई अंग्रेजी मीडियम से हुई है। ऐसे में अंग्रेजी मीडियम में कंटेंट ढूंढने में काफी परेशानी हो रही थी। ज्यादातर कंटेंट हिंदी में उपलब्ध था। इसलिये मैंने इंटरनेट की मदद से अपने नोट्स तैयार किये और पुराने टॉपर्स के कुछ नोट्स जो मुझे इंटरनेट पर मिले उनकी मदद से मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की।

❍ आपने प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा के लिये कोई विशेष प्लानिंग की?

❑ प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के दौरान मैंने पूरा फोकस सेलेक्ट पर किया। मॉक टेस्ट सॉल्व किये। किताबें पढ़ने की बजाय अधिकतर सवालों को हल किया। मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिये नोट्स पर फोकस किया। हर एक विषय के मैंने अलग से नोट्स बनाए और उन्हीं की मदद से पढ़ाई की। इसके अलावा कई बार टेस्ट दिये। टेस्ट देने से मुझे लिखने की प्रैक्टिस और सवालों को हल करने में मदद मिली।

❍ परीक्षा से रिजल्ट आने तक सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण समय कब था?

❑ किसी भी छात्र के लिये सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण समय वह होता है जब आप परीक्षा देते हैं और उसके रिजल्ट के लिये आपको इंतजार करना पड़ता है। मेरे साथ भी ऐसा ही था। मुझे विश्वास था कि मेरा एग्जाम बहुत अच्छा गया है, लेकिन रिजल्ट की देरी ने एंग्जायटी की स्थिति निर्मित की। क्योंकि चार साल तक रिजल्ट का इंतजार करना कठिन होता है। इस बीच जब यह बात सामने आई कि परीक्षा रद्द हो सकती है तो चिंता और बढ़ गई। लेकिन मैंने हार नहीं मानी और यह ठान लिया था कि परीक्षा रद्द भी होती है तो मैं दोबारा परीक्षा में बैठूंगी और क्लीयर करूंगी।

❍ आपकी इस पूरी सफलता में परिवार का कितना सहयोग रहा?

❑ मेरी इस सफलता में परिवार के हर सदस्य का बड़ा सहयोग रहा है। पहले दिन से ही माता-पिता का सहयोग मिला। स्थिति चाहे जितनी भी चुनौतीपूर्ण रही हो लेकिन परिजनों ने काफी संबल दिया। यही कारण है कि मैंने खुद को इस परीक्षा से बैकआउट नहीं किया और अंत तक डटी रही।

❍ आप प्रशासनिक सेवा में रहते हुए किन क्षेत्रों में सुधार की गुंजाइश महसूस करती हैं?

❑ मुझे लगता है कि हमें स्कूल शिक्षा को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। खासतौर से प्राइमरी और मिडिल एजुकेशन को। हमें बच्चों की रीडिंग हैबिट बढ़ाने की आवश्यकता है सेलेक्ट तो बच्चे पढ़ ही लेते हैं। लेकिन उन्हें स्कूल तक लाना और पढ़ाई को मनोरंजक बनाना जरूरी है। इसके अलावा गर्ल चाइल्ड एजुकेशन, उनके स्वास्थ्य और हाईजीन को बेहतर बनाने का प्रयास होना चाहिए

❍ आपके इंटरव्यू पैनल में कितने लोग थे और आपसे क्या सवाल पूछे गये?

❑ इंटरव्यू पैनल में कुल 4 लोग बैठे थे। इस दौरान मुझसे भारतीय संस्कृति, वेशभूषा और मेरी हॉबी से जुड़े सवाल पूछे गये। इसके अलावा मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश के योगदान से जुड़े सवाल पूछे गये थे।

❍ आप एमपी पीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों को क्या संदेश देंगी?

❑ मैं यही कहना चाहूंगी कि आप अपने गोल को लेकर क्लीयर रहें। प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी से पहले इस बात का अच्छे से निश्चय कर लें कि चाहे जितनी भी चुनौतियां आएं पीछे नहीं हटेंगे। परीक्षा की तैयारी के लिये सबसे अधिक जरूरी है इंटेलीजेंस, हार्डवर्क और पेशेंस। अगर आपने इन तीनों चीजों पर काम कर लिया तो निश्चित ही आप प्रशासनिक सेवा परीक्षा को क्लीयर कर लेंगे।

प्रस्तुति - देवेन्द्र गोरे

परिचय

नाम	-	प्रिया पाठक
पिता	-	श्री कृष्ण शरण पाठक
माता	-	श्रीमती पुष्पा पाठक
परीक्षा में मिले नंबर		
कुल नंबर	-	1066/1575
लिखित परीक्षा	-	944/1400
इंटरव्यू में	-	120/175

विकसित भारत संकल्प यात्रा

प्रधानमंत्री की मंशानुरूप हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ देगी संकल्प यात्रा

रीवा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर क्षण गरीबों के कल्याण की चिंता करते हैं। शासन की योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। हजारों हितग्राही अब तक इससे लाभान्वित हुए हैं। संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ देगी। ये बातें उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने आम-जन से कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के पास जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। संबंधित विभागीय अधिकारी हर पात्र हितग्राही का आवेदन पर शिविर में ही तैयार कराकर सात दिवस में योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन जाने से बड़े से बड़े रोग का उपचार हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने विन्ध्य को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उपहार देने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड से गरीब को पांच लाख रुपये के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी है। आयुष्मान कार्ड से सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में लगभग दो हजार रोगियों की एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नाममात्र के प्रीमियम पर आकस्मिक मौत होने पर आश्रितों को चार लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। उन्होंने योजनाओं का लाभ उठाने के लिये आम जन को जागरूक और प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक रीवा जिले के 182 ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा चुकी है। इनमें एक लाख 16 हजार से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी निभाई है। यात्रा के दौरान लगाए गए शिविरों में शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। शिविर के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनमें अब तक तीन हजार सात सौ से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया जा चुका है। शिविर में लाभान्वित हितग्राहियों ने योजनातर्गत प्राप्त लाभ से आजीविका में बदलाव एवं सहयोग के अनुभव साझा किए। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

खौर कोठी क्षेत्र के निराश्रित दो सौ गौवंश जाएंगे गौ-अभयारण्य

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खौर कोठी क्षेत्र में बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश की समस्या है। यहां से दो सौ गौवंश बसामन मामा गौ-अभयारण्य भेजे जाएंगे। गौ माता धार्मिक ही नहीं आर्थिक दृष्टि से भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। इसका गोबर और गोमूत्र खाद और कीटनाशक बनाने में काम आता है। बसामन मामा गौ अभयारण्य में 10 हजार गौवंश की व्यवस्था की गई है। यह अभयारण्य पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बनेगा।

मध्यप्रदेश में 368 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारी की हुई पदोन्नति

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति करने के लिए निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना ने पुलिस विभाग के सभी शाखाओं को आदेशित किया गया।

इसी तारतम्य में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) द्वारा विभिन्न संवर्गों की विभागीय पदोन्नति समितियां गठित कर पदोन्नति की कार्रवाई की गई जिसमें विभिन्न संवर्गों (जीडी, आर्म्स, अश्वारोही, बैंड) में उप निरीक्षक से निरीक्षक 67, सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक 118 एवं प्रधानरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक के 167 इस तरह 368 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपयुक्तता सूची जारी कर पदोन्नति प्रदान की गई।

मध्यप्रदेश में चार जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला जबलपुर, अशोकनगर, सीहोर एवं खंडवा के रिक्त जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कुल चार जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होना है।

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 30 दिसंबर 2023 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2024 है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 8 जनवरी को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 10 जनवरी 2024 है। मतदान 22 जनवरी को होगा। मतगणना 25 जनवरी को विकासखंड मुख्यालय पर और परिणाम की घोषणा 27 जनवरी को होगी।

हिन्दी को लोकप्रिय बनाने में अटल जी का योगदान ऐतिहासिक - राज्यपाल

भोपाल, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा का स्वरूप हमारी माटी के आदर्शों के अनुकूल होना चाहिए। इससे युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की जा सकती है। विद्यार्थी दीक्षांत शपथ का जीवनभर अनुसरण करें, अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करें। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर उनको नमन किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी अटल जी की तरह पूरी दुनिया में हिन्दी का परचम लहरायें और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसको लोकप्रिय बनाने में स्वर्गीय अटल जी का योगदान ऐतिहासिक और अनुकरणीय है। वे महान हिन्दी सेवी, कवि हृदय और प्रखर वक्ता के रूप में सदैव याद किये जाएंगे। श्री पटेल ने स्व. अटल जी से जुड़ा अपने जीवनकाल का प्रसंग भी सुनाया।

श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सिकल सेल एनीमिया जागरूकता प्रयासों में बेहतर कार्य किया है। विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े हुए विभिन्न शाखों के ज्ञान-विज्ञान को पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आधुनिक और भारतीय संस्कृति के परंपरागत ज्ञान का समन्वय करते हुए युवा पीढ़ी को बंधन मुक्त शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल शिक्षण की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि जीवन की चुनौतियों को स्वीकारने, सामना करने और भविष्य के लक्ष्यों को तय करने का माध्यम है। शिक्षण संस्थान ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करे जो समग्र व्यक्तित्व के विकास के साथ रोजगार कौशल में विश्वस्तरीय और चारित्रिक दृष्टि से उत्कृष्ट और संस्कारित हो।

देश की 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाना मेरा सपना - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

भोपाल, देश में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं में से कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाना मेरा सपना है। गांव की महिला समूह होगी तो देश समृद्ध बनेगा। देश की माताओं और बहनों का आत्मविश्वास ही देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मध्यप्रदेश में देवास जिले की श्रीमती रूबीना बी से वर्चुअली संवाद करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री ने श्रीमती रूबीना बी से उनके जीवन संघर्ष, शासकीय योजना से मिले लाभ और उपलब्धियों के बारे में बात की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

श्री मोदी को श्रीमती रूबीना ने बताया कि वह वर्ष 2017 में आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ी। समूह में सबसे पहले उन्होंने ही 5 हजार का ऋण लिया और फेरी लगाकर कपड़े बेचने का कार्य प्रारम्भ किया। कपड़े बेचने से आय बढ़ने लगी। उन्होंने इसके बाद समूह एवं बैंक से ऋण लेकर मारुति वेन खरीदी, जिससे गांव-गांव जाकर कपड़े एवं कटलरी का सामान बेचने लगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई तो उन्होंने बैंक से ऋण लेकर टवेरा गाड़ी खरीदी, जिससे उनके बेटे को भी रोजगार मिला। मारुति एवं टवेरा से फायदा होने पर रूबीना ने रेडिमेड कपड़े की दुकान देवास में खोली। रूबीना बी 20 से 25 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं।

श्री मोदी ने पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम जन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, आभा हेल्थ आईडी कार्ड, नमो ड्रोन दीदी योजना, एक जिला-एक उत्पाद और वोकल फॉर लोकल जैसी केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और अभियानों का लाभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो हकदार है उसे हक दिलाना एक पुण्य का कार्य है। सभी के प्रयासों से ही विकसित भारत का विराट संकल्प सिद्ध होगा।

योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इससे इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को गांव-गांव के विकास का महोत्सव बनाएं, जिसके पास खुद का घर नहीं है, उसे घर मिले, जिसे पीम सिलेंडर नहीं मिला, उसे सिलेंडर मिले और जो किसी कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह गया हो उसे आयुष्मान कार्ड मिले।

देश की ऊर्जाधानी रीवा ग्रीन एनर्जी का भी केन्द्र बनेगा- श्री राजेन्द्र शुक्ल

रीवा, देश की ऊर्जाधानी रीवा ग्रीन एनर्जी का केन्द्र बनेगा। यहां सोलर पैनल पावर प्लांट और जल विद्युत प्लांट स्थापित हैं। अब रिलायंस फाउण्डेशन द्वारा तीन कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाये जा रहे हैं। प्लांट में गेहूं और धान की नरवाई से कम्प्रेस भी बायोगैस बनाई जाएगी। इससे नरवाई जलने से पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा। नरवाई की समस्या से किसानों को निजात मिलने के साथ ही उन्हें अब नरवाई से नगद लाभ भी होगा। ये बातें उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कहीं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान को जमीन, बिजली, पानी तथा अन्य सुविधाएं बिना किसी परेशानी से मिलेंगी। रीवा को विकसित करने और यहां के लोगों को रोजगार देने के हर अवसर का स्वागत करेंगे। गुड़, मनगवां, मऊगंज, सिरमौर तथा त्योंथर में बायोगैस प्लांट लगाने की संभावना है।

उर्दू माध्यम की परीक्षाओं के लिए आवेदन 25 जनवरी तक

भोपाल, मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की सत्र 2024 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं-12वीं उर्दू माध्यम की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा अधिकृत अध्ययन केन्द्रों पर उपलब्ध है। इन केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थी 10 जनवरी से 25 जनवरी, 2024 तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी उक्त अवधि में आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार भी कर सकते हैं।

सचिव मदरसा बोर्ड ने बताया कि विद्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन के पश्चात मूल दस्तावेज 15 अप्रैल, 2024 तक भेजे जाना अनिवार्य है। इन परीक्षाओं को केन्द्र एवं राज्य शासन से मान्यता एवं समकक्षता प्राप्त है।

सिंहस्थ 2028

उज्जैन शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करें - मुख्यमंत्री

- **महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन व्यवस्था की कार्ययोजना बनाई जाएगी।**
- **उज्जैन जिले के पुरातत्व महल की सम्पत्तियों का पुनरुत्थान किया जाएगा।**
- **उज्जैन शहर के विकास के कार्य बेहतर तरीके से किये जाएंगे।**

उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में शहर विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए अभी से उज्जैन शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान जिला प्रशासन तैयार करे। यह प्रयास करें कि श्रद्धालु कम से कम समय में महाकाल मन्दिर पहुंच जायें, उन्हें अनावश्यक रूप से दो-तीन किमी न चलना पड़े। प्रशासन यह व्यवस्था सुनिश्चित करे कि श्रद्धालुओं को तिरुपति बालाजी मन्दिर की तरह महाकाल मन्दिर में कम समय में दर्शन हो जायें। एक टीम तिरुपति बालाजी मन्दिर जाकर वहां की व्यवस्था का अवलोकन कर कार्य योजना बनाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के पग पड़े हैं, उन स्थानों को धार्मिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जायेगा। नारायणाधाम को तीर्थधाम के रूप में विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंचक्रोशी यात्रा की तर्ज पर पूर्णिमा पर भी परिक्रमा यात्रा निकाली जायेगी। परिक्रमा यात्रा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। यह प्रयास किया जायेगा कि वृंदावन परिक्रमा की तर्ज पर महाकाल दर्शन के बाद श्रद्धालु चिन्तामन गणेश मन्दिर, हरसिद्धि मन्दिर, कालभैरव मन्दिर, मंगलनाथ मन्दिर, सान्दीपनि आश्रम दर्शन के बाद पुनः महाकाल मन्दिर आयें। पंचक्रोशी मार्ग पर स्थाई पड़ाव बनाने के लिये अधोसंरचनात्मक कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिले की समस्त पुरातात्विक महत्व की सम्पत्तियों का रिनोवेशन प्राथमिकता से किया जायेगा। उज्जैन में कोठी पैलेस, ग्राण्ड होटल एवं महाराजवाड़ा को नया स्वरूप प्रदान किया जायेगा।

डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न हो। शहर के विकास के कार्य बेहतर हों। अच्छे काम करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस दल के कैडेट्स दिल्ली रवाना हुए

भोपाल, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय की आरडीसी टुकड़ी गणतंत्र दिवस शिविर के लिए रवाना हुई। गणतंत्र दिवस शिविर दल में शामिल 128 कैडेट 27 दिसम्बर को नई दिल्ली के लिये रवाना हुए। दल यहां एक महीने तक चलने वाले आरडीसी शिविर में विभिन्न राष्ट्रीय एनसीसी स्तर की प्रतियोगिताओं में अन्य 16 राज्य निदेशालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और प्रधानमंत्री रैली में भी भाग लेंगे।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन और निदेशालय के स्टाफ अधिकारियों की गहन निगरानी में दल का चयन और प्रशिक्षण हुआ। उन्होंने आरडीसी कंटिजेंट टुकड़ी को शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

व्यावसायिक शिक्षा के विस्तार में लायें गति

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में लागू की गई 'नई शिक्षा नीति-2020' में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। इसी के अनुरूप मध्यप्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा के विस्तार के लिये किए जा रहे प्रयासों में और गति लाई जाए। विद्यार्थी द्वारा स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा के लिये प्रवेश लेने के दौरान ही उन्हें वोकेशनल स्टडीज से जोड़कर रोजगार और स्वरोजगार के लिये प्रेरित किया जाए। इससे संपूर्ण शिक्षा प्रणाली को और सार्थक बनाया जा सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की कार्य गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा की वर्तमान व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं, नियमित पाठ्यक्रमों के संचालन, सीएम राइज स्कूलों के प्रबंधन और शिक्षा विभाग द्वारा अन्य विभागों के समन्वय से विद्यार्थियों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए

- नई शिक्षा नीति का प्रदेश में तेजी से बेहतर क्रियान्वयन हो।
- प्रयास करें कि हम स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनें।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। जमीनी स्तर पर विभागीय कार्यों का निरीक्षण भी किया जाए।

राजस्व विभाग

मैदानी अमले की जवाबदेही हो सुनिश्चित

भोपाल, आम जनता के राजस्व से जुड़े कार्यों जैसे नामांतरण, बंटवारा, मालिकाना हक आदि का निराकरण करने के लिए मैदानी अमले की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। कार्ययोजना बनाकर राजस्व प्रकरणों को हल करें। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राजस्व विभाग के कार्यों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने राजस्व प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम प्रयोग के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में साइबर तहसील व्यवस्था, संपदा पोर्टल के उपयोग, राजस्व विभाग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल और राजस्व समस्याओं के स्थल पर निराकरण के संबंध में चर्चा हुई। प्रमुख सचिव राजस्व द्वारा विभाग में किए गए नवाचारों और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश में राजस्व सुधारों के लिए की गई प्रशंसा से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- पारदर्शिता से कार्यों का संपादन हो।
- प्रशासन में आईटी का अधिकतम प्रयोग किया जाए।
- शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं हल करें। ऑन-द-स्पॉट समाधान की कार्रवाई हो।
- पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम करें।
- विभागीय स्तर पर दिखाई देने वाली कमियां दूर करें। नागरिक परेशान न हों, लापरवाही पर सख्त कार्यवाही करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

गुना बस दुर्घटना

मृतकों के परिजनों और गंभीर रूप से घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुना के जिला चिकित्सालय में घायल यात्रियों से बात करते हुए

गुना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना से आरोन जाते हुए बजरंगगढ़ के समीप हुई बस दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों के परिजनों और घायल यात्रियों से जिला चिकित्सालय में मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके परिजनों को यह वज्रपात सहन करने कि शक्ति देने की कामना की। मुख्यमंत्री ने घायल यात्रियों के परिजनों से मुलाकात कर बस हादसे में झुलसे यात्रियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा समुचित उपचार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की।

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शासन-प्रशासन घायलों के इलाज के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा। उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय गुना के वार्ड में इलाज करा रहे घायलों के प्रत्येक बेड पर जाकर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने और इलाज के संबंध में आश्वासन प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये तथा गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना की बस दुर्घटना मामले में लापरवाही के लिए गुना के जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री रवि बरेलिया और नगर पालिका गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बी.डी. कतरोलिया को गुना हादसे के बाद फायर ब्रिगेड सेवाएं उपलब्ध न कराए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुना की घटना दुःखद और हृदयविदारक है। इस बस दुर्घटना के कारणों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जो भी जवाबदार होगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। हमारा प्रयास होगा कि ऐसी घटना दोबारा न हो पाए। हम दुःख की इस घड़ी में सभी मृतकों के परिजनों के साथ हैं। घायलों के लिए हमारी संवेदना है।

कर्तव्यों का बोध करवाकर श्रेष्ठ नागरिक बनाती है शिक्षा - राज्यपाल

रीवा, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विन्ध्य में शिक्षा की अलख जगा रहा है। शिक्षा विकास का आधार है। शिक्षा ही हमें कर्तव्यों का बोध कराकर श्रेष्ठ नागरिक बनाती है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगारमूलक पाठ्यक्रम भी संचालित करें जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को नई शिक्षा नीति तथा रोजगार के अवसर देने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। सभी युवा समाज और देश के विकास में सहभागी बनें। विद्यार्थी का जीवन अनुशासित होना चाहिए। बिजली और पानी की बचत करके भी देश के विकास में योगदान दिया जा सकता है। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रीवा में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

समारोह के मुख्य अतिथि वृंदावन में आनंद पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी ऋतेश्वर ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और सनातन धर्म का मेल कराकर नई तरह की शिक्षा देने के लिए शीघ्र ही सनातन विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

शिक्षा विकास का आधार - श्री शुक्ल

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा विकास का आधार है। युवा अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। अपना भविष्य संवारने के साथ समाज और देश के प्रति अपना कर्तव्य भी निभाएं। संस्कार के बिना शिक्षा सुगंधहीन पुष्प की तरह होती है। जब विद्यार्थी, शिक्षक, राजनेता, डॉक्टर, इंजीनियर और हर क्षेत्र के प्रमुख लोग देश तथा गरीबों के प्रति संवेदनशील होंगे तभी देश विश्वगुरु बनने के लिए मजबूती से आगे बढ़ेगा।

मध्यप्रदेश में 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

भोपाल, मध्यप्रदेश में इस वर्ष अब तक 3 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई है। इस विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 459 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति के अंतर्गत 32 लाख 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 263 करोड़ की राशि का वितरण किया गया है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11, 12 और स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है।

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च अध्ययन करने के लिये पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ चयनित 44 विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में करीब 7 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोज़गार योजना के माध्यम से रोज़गार दिलाने के प्रयास

भोपाल, मध्यप्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय को रोजगार दिलाने के मकसद से मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना संचालित की जा रही है। इसके लिये इस वर्ष विभागीय बजट में एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

योजना के माध्यम से 1500 व्यक्ति मूलक और 20 स्व-सहायता समूह को लाभान्वित करने का कार्यक्रम बनाया गया है। इस योजना में विभाग द्वारा 897 प्रकरण बैंकों को ऋण के लिए दिये गये हैं। बैंकों द्वारा पूर्ण परीक्षण के बाद 38 प्रकरणों में ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। शेष प्रकरणों में ऋण दिलाने की कार्यवाही अंतिम चरण में है।

कौशल प्रशिक्षण

इन वर्गों के युवाओं को पारंपरिक कला, ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिये आईटीआई के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत 60 विद्यार्थियों को फिटर-फेब्रीकेशन ट्रेड में प्रशिक्षण दिलाया गया है। इनमें से 24 युवाओं को इन क्षेत्रों में रोजगार दिलाया गया है।

229 शिविरों का आयोजन

इन वर्गों के लोगों के वोटर आईडी, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र बनाने के लिये विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा अब तक इस उद्देश्य से प्रदेश में 229 शिविर लगाये जा चुके हैं। इसके साथ ही इन समुदायों के परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना में विशेष प्राथमिकता दिलाई जा रही है।

विभागीय पोर्टल का निर्माण

विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं में सुविधा दिलाने के लिये इन वर्गों की आबादी की वास्तविक जानकारी प्राप्त करने के लिये बेसलाइन सर्वे की योजना तैयार की गई है। इसके लिये विभागीय पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किये जा रहे हैं।

सतना की पहचान बन गया है विंध्य व्यापार मेला- उप मुख्यमंत्री

सतना, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि विंध्य का व्यापार मेला सतना की विशेष पहचान बन गया है। आपसी सामंजस्य और भाईचारे की भावना से काम करने की ललक सतना की भव्यता को और भी बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि सतना और रीवा शहर जुड़वे भाई हैं। विंध्य क्षेत्र को विकसित करने इन दोनों ही शहरों को इंदौर और उज्जैन की भांति ट्विन सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 11 दिवसीय विंध्य व्यापार मेला आयोजन की 6वीं संध्या का शुभारंभ किया।

श्री शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के विकास के लिये रीवा और सतना सहित पूरे विंध्य क्षेत्र को प्रगति की रफ्तार दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बरगी नहर का पानी सतना में लाने के प्रयास पहले से ही किये जा रहे हैं, प्रयासों में और तेजी लाई जा रही है। पद की शपथ लेते ही सबसे पहले बरगी का पानी सतना लाने और सीधी-सिंगरौली फोरलेन सड़क को गति देने के लिये समय-सीमा निर्धारित की गई है।

बाणसागर के सिरसी टापू में पर्यटन हेरिटेज का कार्य 15 दिन में पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा बरगी नहर की टनल के शेष बचे 1700 मीटर की खुदाई का कार्य दो माह की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

वीर बाल दिवस

मुख्यमंत्री ने किया ई-पुस्तक का विमोचन

ग्वालियर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर बाल दिवस के अवसर पर पंजाबी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिसर के माध्यम से तैयार की गई डिजिटल ई-किताब का ग्वालियर के गुरुद्वारा परिसर में लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक श्रीमती नीरू सिंह ज्ञानी एवं नागरिक उपस्थित थे।

वीर साहेबजादों के अद्वितीय इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंजाबी साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद मध्यप्रदेश द्वारा तैयार डिजिटल ई-पुस्तक एवं डिजिटल प्रदर्शनी को विभागीय वेबसाइट के माध्यम से सम्पूर्ण प्रदेश में प्रदर्शित करने के उद्देश्य से लोकार्पण किया गया है।

पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक श्री नीरू सिंह ज्ञानी ने इस अवसर पर बताया कि मध्यप्रदेश में ग्वालियर की पावन धरती पर गुरु हरगोबिंद साहिब जी का गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ स्थित है जो धर्म और देश की रक्षा के लिए अमृत काल में ऐतिहासिक स्थली है। गुरु हरगोबिंद साहिब जी की परिवार के गुरु अर्जुन देव जी नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर, गुरु गोबिंद सिंह जी, वीर साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह फतेह सिंह जी धर्म और देश के लिए शहीद हो गए थे। सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा को 'वीर बाल दिवस' स्मरण कराएगा।

अटल स्मारक ग्वालियर

दो सौ करोड़ रुपये की लागत से बनेगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

ग्वालियर, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व के धनी थे। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने उन्हें हमेशा पूरा सम्मान दिया। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में अनेकों ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सफल परमाणु परीक्षण भी उनके कार्यकाल की देन है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर ग्वालियर में आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़े पर आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस के अवसर पर 200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अटल स्मारक का भूमिपूजन और स्मारक के मॉडल का भी निरीक्षण किया। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का उज्जैन एवं बड़नगर से भी नाता रहा है। उन्होंने कहा कि हम अटल जी की जयंती पर ग्वालियर का गौरव दिवस कार्यक्रम के आयोजन पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी सभी को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चिकित्सक सेवाभाव से ऐसा उपचार करें, जिससे रोगी को संतोष मिले - राज्यपाल

रीवा, राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने मेडिकल कॉलेज में गत दो वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा पवित्र व्यवसाय है। चिकित्सक सेवाभाव से ऐसा उपचार करें जिससे रोगी को स्वास्थ्य लाभ के साथ संतोष भी मिले। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के कई विद्यार्थियों ने देश ही नहीं विदेश में नाम कमाया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश में विकास हो रहा है और पूरी दुनिया में देश का मान बढ़ा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी तेजी से कार्य हुए हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में 1.83 करोड़ जनजाति निवास करती है। इनमें कई परिवार सिकलसेल एनीमिया से पीड़ित हैं। प्रदेश के 20 जिलों में इस बीमारी के उन्मूलन के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। समाज और देश को योगदान देकर अपना और देश का नाम रोशन करें।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। मेडिकल कॉलेज 50 सीटों से बढ़कर 150 सीटों का हो गया है। मेडिकल कॉलेज में पोस्ट-ग्रेजुएट में भी 100 से अधिक सीटें हो गई हैं। रीवा में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना से चिकित्सा के क्षेत्र में रीवा की छवि बदली है। रीवा को मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में हब के रूप में विकसित करेंगे। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी लगातार हो रही है। यहाँ किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होने वाली है।

विकास और कानून व्यवस्था में मध्यप्रदेश बने देश में मिसाल- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

भोपाल, संभाग स्तर पर जनता के कल्याण और योजनाओं के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने राज्य स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपा गया है। प्रशासनिक कसावट के साथ लोगों को सरलता से सेवाएं प्राप्त होंगी और इससे विभिन्न कठिनाइयां दूर होंगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने मुख्यालय के साथ ही फील्ड में भी पर्याप्त समय दें, आवश्यकतानुसार रात्रि विश्राम कर जनता की समस्याएं समझते हुए निराकरण की प्रभावी कार्रवाई करें। ऐसा कार्य होना चाहिए, जिससे प्रदेश की विकास और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में मिसाल दी जा सके। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय पर निराकरण हो, अधिकारियों-कर्मचारियों के रात्रि विश्राम के निर्धारित शेड्यूल का भी पालन हो। नगर से ग्राम तक नागरिकों को सरलता से सेवाएं दिलाने का कार्य होना चाहिए। जिलों में कलेक्टर और कमिश्नर के साथ वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे तो कार्य बेहतर होगा, यह वरिष्ठ अधिकारी सेतु की भूमिका निभाएंगे। समन्वय के साथ पारदर्शितापूर्वक शासन की योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी। डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी आकस्मिक दौरे भी करेंगे, तो जनता को अच्छी सेवाएं मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के लिए पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को संभागवार दायित्व सौंपे हैं। इससे अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी प्रभावी अनुश्रवण और पर्यवेक्षण का कार्य सुनिश्चित कर सकेंगे। इस व्यवस्था में अपर मुख्य सचिव द्वारा दो माह में कम से कम एक बार संभाग के जिलों का भ्रमण कर प्रतिमाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता रहे। वरिष्ठ अधिकारी निरंतर समीक्षा करें
- सरकार की योजनाओं का सुदृढ़ क्रियान्वयन हो
- योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाए। सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे
- शहरों में यातायात प्रबंध सुगम बनाएं। रेल सुविधाएं बढ़ाने पर भी अध्ययन कर सुझाव दें। केन्द्रीय रेल मंत्री को आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएंगे।
- मिलों के श्रमिकों को राहत देने का कार्य उज्जैन, इंदौर में हुआ है। ग्वालियर की जेसी मिल के श्रमिकों को भी लाभान्वित करें
- प्रशासनिक कसावट पर ध्यान दिया जाए। पुलिस कर्मियों की आवास व्यवस्था बेहतर बनाएं
- जनसुनवाई के साथ समस्याएं प्रतिदिन हल की जाएं
- बीआईपी दौरे के समय आम जनता को कष्ट न हों

चित्रकूट में काऊ सफारी के रूप में विकसित होगा गौ-अभयारण्य - श्री शुक्ल

सतना, चित्रकूट के बगदरा घाटी में गौवंश संरक्षण के लिए काऊ सफारी के रूप में गौ-अभयारण्य विकसित किया जाएगा। यह क्षेत्र पुराने समय से गौमाता के प्राकृतिक रहवास के रूप में जाना जाता रहा है। बगदरा घाटी में सड़क के दोनों ओर 20-20 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल क्षेत्र का फेनसिंग कर वन्य प्राणियों से सुरक्षित किया जायेगा। लगे हुए राजस्व भूमि के 50 एकड़ जमीन पर गौशाला एवं अन्य सुविधाएं विकसित की जायेंगी। ये बातें उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सतना जिले की बगदरा में गौ-अभयारण्य विकसित करने की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहीं।

जन सहयोग से होगा संचालन

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ-अभयारण्य की तर्ज पर यहां भी दानदाताओं और जनसहयोग से गौशाला के संचालन में सहयोग लिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गौवंश के संरक्षण के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 10 हजार गौमाता के संरक्षण के लिए गौ-अभयारण्य विकसित किए जाने के प्रयास होने चाहिए।

इंजीनियर देश के विकास की रीढ़ हैं - श्री शुक्ल

जबलपुर, उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने समाज में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बोलते हुए कहा कि इंजीनियरों के पास ज्ञान है, क्षमता है। वे समाज के हर वर्ग के लिए, अपना योगदान देते हैं। इंजीनियर हमारे देश के विकास की रीढ़ हैं। मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ता राज्य है, जिसमें इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स में 38वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का उद्घाटन किया। श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। इसमें प्रस्तुत रिसर्च पेपर्स का अध्ययन कर इनके शासन के लाभ हेतु उपयोग की व्यवस्था की जायेगी।

अपराधों पर नियंत्रण के लिये

मध्यप्रदेश पुलिस को मिला प्रथम पुरस्कार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस को डिजीटल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) का उपयोग करते हुए अपराधों की रोकथाम करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। मध्यप्रदेश पुलिस को आईसीजेएस (इन्टर-ऑपेरबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) के क्रियान्वयन में सराहनीय कार्य के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही प्रदेश की फॉरेंसिक शाखा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

नई दिल्ली में आयोजित 'कॉन्फ्रेंस ऑन गुड प्रेक्टसेस इन सीसीटीएनएस/आईसीजेएस की विशेषताएं

- पैन इंडिया क्रिमिनल रिकॉर्ड सर्च
- आइडेंटिफिकेशन ऑफ क्रिमिनल नेटवर्क
- 360 डिग्री प्रोफाइलिंग ऑफ सस्पेक्ट

आईसीजेएस-2023' में यह पुरस्कार दिया गया।

मध्यप्रदेश के डीजीपी श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने इस उपलब्धि पर एडीजी (एससीआरबी) श्री चंचल शेखर एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि डीजीपी द्वारा आईसीजेएस के अधिक से अधिक कारगर उपयोग के लिए समय-समय पर मैदानी अमले को निर्देशित किया जाता रहा। नियमित समीक्षा भी की जाती रही। डीजीपी श्री सक्सेना ने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार से अपराधों की विवेचना एवं पतासी में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपराधों की रोकथाम करते हुए मध्यप्रदेश पुलिस को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं।

इन्टर-आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी की एक पहल है। यह आपराधिक एवं न्यायिक प्रणाली को त्वरित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक ऐसी प्रणाली है, जिस पर पुलिस, जेल, फॉरेंसिक, प्रॉसीक्यूशन एवं न्यायिक विभाग आपस में जुड़े हैं।

जनजातीय विद्यार्थियों ने किया साइंस सेंटर का भ्रमण

भोपाल, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सी.एम. राइज विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बैतूल से आए 50 जनजातीय विद्यार्थियों ने मैपकास्ट और क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जिससे वे अपनी कला व संस्कृति से परिचित हुए।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) और आईआईटी गांधी नगर द्वारा नेहरू नगर में स्थापित एसटीईएम वर्कशॉप सेंटर में विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान और अभ्यास की जानकारी दी गई।

मनरेगा अंतर्गत

प्रदेश में मजदूरी दर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे

भोपाल, मनरेगा के अंतर्गत प्रदेश में मजदूरी दर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। वर्तमान में मध्यप्रदेश की मजदूरी दर 221 रुपये है, जिसे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र भेजा गया है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत सरोवरों के लंबित कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। प्रदेश में 38 लाख लक्ष्य के विरुद्ध 35 लाख 60 हजार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास पूर्ण किए गए हैं। शेष आवासों को भी शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से प्रदेश में एक लाख 10 हजार शालाओं के लगभग 45 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़कों की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। योजना के कार्यों में लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्यों को कार्य योजना बनाकर पूरा किया जाए। प्रदेश में सभी ग्रामों, मजरे-टोलों तक सड़कें पहुंचाने के लिए विभिन्न निर्माण विभागों से भी समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का लाभ पात्रतानुसार प्रदान किया जाए। कोई भी पात्र वंचित नहीं रहे।

आयुष विभाग

आयुष चिकित्सा पद्धति का विस्तार

भोपाल, मध्यप्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धति के विस्तार के लिये आयुष विभाग द्वारा मानव संसाधन और अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा रिक्त पदों की भर्ती पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है।

प्रदेश के शासकीय आयुष औषधालयों और चिकित्सालयों में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 763 आयुष चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति की कार्यवाही अंतिम चरण में है। इसके साथ ही प्रदेश में स्थित शासकीय आयुष महाविद्यालय शिक्षक संवर्ग व्याख्याता के 96 रिक्त पदों की पूर्ति राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जा रही है। आयुष महाविद्यालयों, चिकित्सालयों एवं औषधालयों में पैरामेडिकल संवर्ग तृतीय श्रेणी के 332 पदों की पूर्ति की जा चुकी है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत अधोसंरचना के कार्यों को भी प्रमुखता से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में 238 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाये जा रहे हैं। इसके साथ ही 50 बिस्तरीय चिकित्सालयों में 10 भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग द्वारा 22 आयुष विंग का संचालन शीघ्र शुरू किया जा रहा है। यह विंग प्रदेश के एलोपैथी चिकित्सालय में विकल्प के आधार पर भारतीय चिकित्सा पद्धति के अनुसार स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। राज्य में 102 आयुष औषधालयों के भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

उषा रेड्डी

भारतवंशी केन्सास सीनेट की दावेदार

अमेरिका के केन्सास राज्य में भारतीय मूल की अमेरिकी डेमोक्रेट उषा रेड्डी ने एक और कार्यकाल के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने प्रांतीय विधायिका के चुनाव में 22वें जिले से अपना पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी उम्मीदवारी पेश की है। रेड्डी का परिवार 1973 में आंध्रप्रदेश से आकर कोलंबस (ओहियो) में बस गया था। उन्होंने केन्सास राज्य से प्राथमिक शिक्षा में और एक ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी से विकासात्मक मनोविज्ञान में डिग्री हासिल की है। उनके पास एजुकेशन लीडरशिप में भी मास्टर्स डिग्री है।

एयर इंडिया

क्रू के लिए नई यूनिफॉर्म लॉन्च

एयर इंडिया ने अपने केबिन और कॉकपिट क्रू के लिए नई यूनिफॉर्म लॉन्च की है। इसे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने तैयार किया है। एयर इंडिया के मुताबिक नई यूनिफॉर्म अगले कुछ महीनों में चरणबद्ध तरीके से पेश की जाएगी। इसकी शुरुआत एयर इंडिया के पहले एयर बस ए 350 विमान के सर्विस में उतरने के साथ होगी। महिला केबिन क्रू की यूनिफॉर्म में इंडियन हेरिटेज आर्किटेक्चर (झरोखा) और विस्टा (एयर इंडिया का नया लोगो आइकन) का प्रतिनिधित्व करने वाले पैटर्न वाली ओम्ब्रे साड़ी शामिल है। इसे कम्फर्टेबल ब्लाउज और ब्लेजर के साथ पेयर किया गया है। सीनियर महिला केबिन क्रू बैंगनी ब्लेजर के साथ बैंगनी से बरगंडी रंग की ओम्ब्रो साड़ी पहनेंगी।

अनूप देशमुख ने

जाफना इंटरनेशनल शतरंज का खिताब जीता

श्रीलंका के उत्तरी हिस्से की राजधानी जाफना में संपन्न हुए जाफना इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब भारत के 56 वर्षीय इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख ने अपने नाम कर लिया है। कुल 747 खिलाड़ियों के बीच हुए इस टूर्नामेंट में 10 राउंड के बाद अपराजित रहते हुए 8 जीत और 2 ड्रॉ के साथ अनूप ने 9 अंक बनाते हुए प्रथम स्थान पाया।

सुकृता पॉल कुमार

टैगोर साहित्य पुरस्कार से सम्मानित हुईं

लेखिका और समीक्षक 74 वर्षीय सुकृता पॉल कुमार को उनकी पुस्तक सॉल्ट एंड पेपर : सिलेक्टेड पोयम्स के लिए छठे रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कुमार को साहित्य में उनके योगदान के लिए समारोह में 5 हजार अमेरिकी डॉलर की राशि, टैगोर की एक प्रतिमा और एक प्रमाण पत्र से नवाजा गया।

एलेक्सी नवलनी

पुतिन विरोधी जेल से गायब

रूसी राष्ट्रपति के धुर विरोधी एलेक्सी नवलनी करीब 1 सप्ताह से जेल से गायब हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नवलनी के वकील की उनसे एक सप्ताह से बातचीत नहीं हुई है। कैदियों की सूची से भी उनका नाम गायब है। मॉस्को के पूर्व में एक जेल में कैद नवलनी को चरमपंथ के मामले में और अन्य अपराधों में इसी साल अगस्त में 19 साल की जेल की सजा सुनाई गयी थी। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में हाजिर होना था, लेकिन उन्हें पेश नहीं किया गया।

डॉक्टर विनय रानीगा

ऑक्सफोर्ड वेस्ट और एबिंगडन से पार्टी के उम्मीदवार होंगे

ब्रिटेन में अगले साल यानी 2024 में आम चुनाव होने हैं। इसके लिए कंजर्वेटिव पार्टी ने भारतीय मूल के दंत चिकित्सक डॉक्टर विनय रानीगा को ऑक्सफोर्ड से चुनाव लड़ने के लिए संसदीय उम्मीदवार बनाया है। दंत चिकित्सक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने चयन के बारे में जानकारी दी। उन्हें दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड वेस्ट और एबिंगडन निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। रानीगा ने बाटर्स और लंदन स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री से स्नातक किया है।

डोनाल्ड टस्क

पोलैंड के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

पोलैंड की संसद ने डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया है। इसी के साथ पोलैंड में यूरोपीय संघ समर्थक सरकार अस्तित्व में आ गयी। टस्क को राष्ट्रीय चुनाव के लगभग 2 महीने बाद प्रधानमंत्री चुना गया है। सदन का नेता चुने जाने के बाद टस्क ने जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम देश को नई शक्ति और ऊर्जा प्रदान करेंगे।

सौरव गांगुली

त्रिपुरा पर्यटन के ब्रांड एम्बेसडर बने

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रहे पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली त्रिपुरा पर्यटन के ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए हैं। उन्होंने त्रिपुरा पर्यटन विकास निगम के साथ औपचारिक रूप से समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री माणिक साहा के साथ मुलाकात कर त्रिपुरा में पर्यटन को बढ़ावा देने और क्रिकेट के विकास के लिए व्यापक चर्चा की है।

डीआरडीओ ने

स्वदेशी हाईस्पीड यूएवी का सफल परीक्षण किया

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज से ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह स्वदेशी रूप से विकसित हाई-स्पीड यूएवी (मानव रहित हवाई व्हीकल) है। इसकी उड़ान के साथ ही भारत उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने फ्लाइंग विंग कॉन्फिग्रेशन के नियंत्रण में महारत हासिल कर ली है। इस यूएवी को डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट इस्टैबलिशमेंट (एडीई) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

तुर्किए में

फुटबॉल क्लब अध्यक्ष ने रेफरी को मारा मुक्का

तुर्की सुपर फुटबॉल लीग में एक क्लब के मालिक ने मैच ड्रॉ होने के बाद रेफरी को मुक्का मार दिया। रेफरी के सिर और आंख के नीचे चोट आयी है। तुर्की के राष्ट्रपति ने इस घटना की निंदा की है। आंतरिक मामलों के मंत्री ने क्लब मालिक को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तुर्की के फुटबॉल रैफरी और ऑब्जरवेशन एसोसिएशन ने सभी रैफरी से ग्राउंड में न जाने का अनुरोध किया है।

कनाडा में

साबुन के जरिए बिल्डिंग को 30 फीट खिसकाया

कनाडा के नोवा स्कोटिया में 220 टन की इमारत को साबुन के जरिए 30 फीट दूर खिसका दिया गया। यह बिल्डिंग हैलिफैक्स में है और इसे साल 1826 में एक घर के रूप में बनाया गया था। बाद में यह विक्टोरियन एल्मवुड होटल बन गया। रियल एस्टेट कंपनी गैलेक्सी प्रॉपर्टीज ने इस इमारत को खिसकाने का फैसला लेकर विंटेज बिल्डिंग को बचा लिया। 700 साबुन की टिक्कियों के जरिए बिल्डिंग फ्रेम को स्टील फ्रेम में उतारा गया। इसके लिए आइवरी सोप का इस्तेमाल किया गया था।

ओरियन यान

बाईस लाख किलोमीटर चांद की सैर कर लौटा

नासा का मानव रहित ओरियन अंतरिक्ष यान चंद्रमा की यात्रा कर लौट आया। इसने साढ़े 22 लाख किलोमीटर की यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर में लैंड किया। इसके सफल रहने की वजह से आने वाले समय में मानवरहित मिशन भी नासा भेजने की तैयारी में है। नासा ने कहा कि इसने अपने मिशन के दौरान कई बार 2800 डिग्री सेल्सियस तापमान को भी सहन किया जो कि सूर्य के तापमान के आधे तापमान के बराबर है।

लियोनेल मेसी की

विश्वकप में पहनी छह जर्सी नीलाम

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्वकप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। यह घोषणा नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्वकप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही।

दक्षिण कोरिया में

परीक्षा 90 सेकंड पहले खत्म करने पर छात्रों ने किया मुकदमा

दक्षिण कोरियाई विद्यार्थियों के एक समूह ने उनकी 8 घंटे चलने वाली कॉलेज प्रवेश परीक्षा निर्धारित समय से 90 सेकंड पहले समाप्त करने के लिए सरकार पर मुकदमा दायर किया है। प्रत्येक विद्यार्थी हजनि के तौर पर 20 मिलियन वॉन (12,77,938 रुपये) मांग रहा है, जो दोबारा परीक्षा के लिए एक साल की ट्यूशन शुल्क की लागत के बराबर है। कई विषयों को समेटे सुनेउंग नामक यह परीक्षा 8 घंटे चलती है।

वीटा दानी

आईटीटीएफ में पहली भारतीय सदस्य बनीं

वीटा दानी अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) में संचालन समिति की सदस्य के रूप में शामिल होने वाली पहली भारतीय सदस्य बनी हैं। खेल परोपकार से जुड़ी उद्यमी अल्टीमेट टेबल टेनिस की अध्यक्ष के तौर पर वीटा इस खेल को लगातार बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही समाज से दानदाताओं को ढूंढ़कर खेल कार्यक्रमों में आर्थिक सहायता भी मुहैया करवाती हैं।

मलेशिया ने

इजराइल के जहाजों पर लगाया प्रतिबंध

मलेशिया की सरकार ने इजराइल के स्वामित्व और झंडे वाले जहाजों के साथ-साथ अपने बंदरगाहों से आवागमन पर इजराइल जाने वाले जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय इजराइल - हमास युद्ध में इजराइल की कार्रवाई पर लिया गया है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने घोषणा की है, जिसमें फिलीस्तीनी लोगों के खिलाफ जारी क्रूरता का हवाला देते हुए कहा गया कि यह प्रतिबंध इजराइल द्वारा मानवीय सिद्धांतों की अवहेलना और अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करने के बाद लगाया गया है।

कश्मीर में

कड़ाके की ठंड शुरू

कश्मीर घाटी में 21 दिसंबर 2023 से चिल्लाई कलां शुरू हो गई है। इस दौरान कश्मीर घाटी में भीषण सर्दी पड़ती है। यह दौर 40 दिन यानी कि 31 जनवरी को समाप्त होगा। इसे घाटी में सर्दियों का सबसे कठोर समय माना जाता है। इसमें बर्फबारी की संभावना ज्यादा होती है। चिल्लाई कलां के समय पानी के पाइप तक जम जाते हैं। इस दौरान जम्मू कश्मीर में बर्फबारी के चलते श्रीनगर जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग समेत जिलों तक को जोड़ने वाले रास्तों पर आवाजाही प्रभावित हो जाती है।

स्मृति शेष

स्वीडन के फुटबॉल खिलाड़ी लारसन का निधन

स्वीडन के लिए 70 अंतर्राष्ट्रीय मैच और 3 विश्वकप खेलने वाले महान फुटबॉल खिलाड़ी बो लारसन का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बोसे के नाम से पहचाने जाने वाले लारसन के पास मिडफील्ड और स्ट्राइकर के रूप में खेलने की क्षमता थी। उन्होंने 1970, 1974 और 1978 के विश्वकप में टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

ब्राजील के सिंगर पेड्रो का निधन

ब्राजील के गॉस्पल सिंगर पेड्रो हेनरिक का स्टेज पर शो परफॉर्मेंस के दौरान हृदयाघात से निधन हो गया। पेड्रो ब्राजील के एक धार्मिक समारोह में प्रस्तुति दे रहे थे। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड

पद का नाम - उप निदेशक, वरिष्ठ बागवानी अधिकारी
पदों की संख्या - 44
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.nhb.gov.in

मंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

पद का नाम – वरिष्ठ प्रबंधक (सांचिविक)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 04 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://www.mrpl.co.in

अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र

पद का नाम - प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर
पदों की संख्या - 11
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 08 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://www.iucte.ac.in

राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला

पद का नाम – वैज्ञानिक/अभियंता एसडी, कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता (जेआरएफ)
पदों की संख्या - 15
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.narl.gov.in

सीएसआईआर - कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र

पद का नाम - कनिष्ठ आशुलिपिक, तकनीशियन (1), तकनीकी सहायक, तकनीकी अधिकारी, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1)/चिकित्सा अधिकारी
पदों की संख्या - 69
योग्यता – पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.ccmb.res.in

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड

पद का नाम – उप महाप्रबंधक (विधि)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.thdc.co.in

केंद्रीय रेशम बोर्ड

पद का नाम – संयुक्त सचिव (तकनीकी), संयुक्त निदेशक (प्रशासन), उप निदेशक (वित्त), उप निदेशक (प्र.व.ले.), उप निदेशक (राजभाषा, प्रचार). सहायक निदेशक (प्र.व.ले., सांख्यिकी, प्रचार), सहायक अभियंता
पदों की संख्या - 16
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 29 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.csb.gov.in

इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस

पद का नाम – असिस्टेंट रजिस्ट्रार, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, असिस्टेंट, असिस्टेंट (एफ एंड ए), रजिस्ट्रार के पीए, टेक्निकल असिस्टेंट बी, अपर डिवीजन क्लर्क, एमटीएस (टेक्निकल)
पदों की संख्या - 30
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.iacs.res.in

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम - वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/तकनीशियन बी, वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/वैज्ञानिक सहायक बी, वैज्ञानिक सहायक सी (संरक्षा), सहायक ग्रेड 1 आदि पद
पदों की संख्या - 53
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.npcil.nic.in

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

पद का नाम - सहायक कुलसचिव (राजभाषा)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 16 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.ignou.ac.in

एडमिशन अलर्ट

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन

पाठ्यक्रम का नाम - विभिन्न यूजी और पीजी प्रोग्राम
योग्यता - डिजाइन में रुचि रखने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम से चयन होगा।
अंतिम तिथि - 26 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://worlduniversityofdesign.ac.in/

स्कॉलरशिप अलर्ट

लॉरियल इंडिया फॉर यंग वीमेन इन साइंस स्कॉलरशिप

किनके लिए - विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाली मेधावी छात्राओं के लिए
योग्यता - यह स्कॉलरशिप केवल छात्राओं के लिए ही है। जिन छात्राओं ने सत्र 2022-23 में विज्ञान विषय से कक्षा 12वीं पास की है और वर्तमान में विज्ञान से ग्रेजुएशन कर रही हैं, वह आवेदन कर सकती हैं।
क्या मिलेगा - चयनितों को कुल 2.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
अंतिम तिथि - 7 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://www.buddy4study.com/page/loreal-india-for-young-women-in-science-scholarships

विस्डन क्रिकेट फोटोग्राफ ऑफ द ईयर

किनके लिए - नए व अनुभवी फोटोग्राफर्स हिस्सा ले सकते हैं।
योग्यता - अभ्यर्थी को एक्शन शॉट, लैंडस्केप और पोट्रेट फोटो भेजनी होगी। एक आवेदक तीन फोटो भेज सकता है।
क्या मिलेगा - विजेता को 1 लाख रुपये कैश प्राइज दिया जाएगा। इसके अलावा रनरअप को 42 हजार रुपये मिलेंगे।
अंतिम तिथि - 5 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://wisden.com/photographoftheyear

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

जल जीवन मिशन

चार वर्ष में 13 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में पहुंचा नल से जल

'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर, केंद्र सरकार अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं और विभिन्न पहलों का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी गति से निरंतर काम कर रही है। वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में जल जीवन मिशन अग्रसर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-2024 के बजट को बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे 'हर घर जल' कार्यक्रम का महत्व स्पष्ट होता है। पानी सभी विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने से देशभर में दूर-दराज के इलाकों में रहने वाली ग्रामीण आबादी को 'आसान जीवन यापन' सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी।

क्या है जल जीवन मिशन?

राज्यों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किए जा रहे इस मिशन का लक्ष्य हर ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) के सेवा स्तर (सर्विस लेवल) पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर किया जा सके। इस मिशन के लिए हिमालय और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में तथा अन्य राज्यों के लिए 50:50 के अनुपात में और केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत धनराशि केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर जल शक्ति मंत्रालय ने सभी ग्रामीण नागरिकों तक पानी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के लिए स्वच्छ जल की सुविधा घर-घर में उपलब्ध करवाती है। इस योजना को राज्यों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मिशन के तहत प्रयास किया जा रहा है कि ऐसे गांव जहां शुद्ध जल की अनुपलब्धता है और जो खासतौर से आर्सेनिक और फ्लोराइड से प्रभावित हैं, उन्हें शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

देश में कितनों घरों को मिला नल कनेक्शन?

जल जीवन मिशन की शुरुआत के बाद से ही देश के ग्रामीण घरों तक नल से जल की पहुंच बढ़ाने की दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत में मात्र 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में ही नल से जल के कनेक्शन होने की सूचना थी। लेकिन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 21 दिसम्बर, 2023 तक दी गई रिपोर्ट के अनुसार कुल 19 करोड़ 24 लाख 89 हजार 656 ग्रामीण घरों में से 13 करोड़ 87 लाख 82 हजार 600 से अधिक ग्रामीण घरों में नल से जल कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार से दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 तक, देश के 19.24 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 13.87 करोड़ (72.10 प्रतिशत) परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति होने की सूचना दी गई है। गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप, दमन और दीव, दादर और नगर हवेली, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, गुजरात, पंजाब और

हिमाचल प्रदेश ने शत-प्रतिशत नल से जल का कवरेज प्रदान किया। देश की 9 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को अब नल से शुद्ध जल मिल रहा है। अब देश की 9 लाख से ज्यादा स्कूलों में नल से शुद्ध जल प्रदान किया जा रहा है। महज 4 साल में 3 से 13 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल का कनेक्शन दिया गया है।

100 प्रतिशत कवरेज हासिल करने के बाद प्रतिदिन 5.5 करोड़ घंटे की होगी बचत - WHO

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की एक रिपोर्ट के अनुसार सार्वभौमिक नल जल कवरेज के माध्यम से करीब 4 लाख लोगों को डायरिया से होने वाली मौतों से बचाया जा सकेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह अनुमान व्यक्त किया है कि भारत में ग्रामीण घरों में नल के पानी की कवरेज की पूर्णता हासिल करने से हर दिन 5.5 करोड़ घंटे से अधिक समय की बचत होगी, जिन्हें फिलहाल घर की महिलाओं द्वारा घरेलू जरूरतों अथवा मुख्य रूप से पानी की व्यवस्था करने के लिए खर्च किया जाता है।

महिलाओं की बढ़ाई जा रही है भागीदारी

जल जीवन मिशन के तहत महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां भी की गई हैं। जैसे- ग्राम पंचायतों की 5.29 लाख से अधिक उप-समिति या उपयोगकर्ता समूह यानी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) या पानी समिति, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य हैं, उनके सहयोग से समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए उपयुक्त प्रतिनिधित्व का गठन किया गया है। इन सभी को गांव में जल आपूर्ति प्रणाली की योजना बनाने, कार्यान्वयन, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव के लिए समूह में रखा गया है। इसके अलावा फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से जल के नमूनों का परीक्षण करने के लिए हर गांव से पांच महिलाओं का चयन होता है और फिर उन्हें उपयुक्त प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक 23.36 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

मध्यप्रदेश के आंकड़े क्या कहते हैं?

मध्यप्रदेश में कुल घर या परिवारों की संख्या 1 करोड़ 11 लाख 86 हजार 335 है. 15 अगस्त, 2019 की स्थिति में इनमें से 13 लाख 53 हजार 151 घरों तक नल से जल पहुंचाया गया था। 21 दिसम्बर 2023 तक प्रदान की गई रिपोर्ट के अनुसार 66 लाख 33 हजार घरों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। मध्यप्रदेश के दो जिले बुरहानपुर और निवाड़ी में 100 फीसदी लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। बुरहानपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण-2022 पुरस्कार समारोह में बुरहानपुर जिले को देश का पहला हर घर जल प्रमाणित जिले का सम्मान दिया गया है। उस समय बुरहानपुर देश का एकमात्र जिला था, जहां प्रत्येक गांव के लोगों ने ग्राम सभाओं द्वारा पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से अपने गांव को 'हर घर जल' घोषित किया था। इंदौर भी 100 फीसदी कवरेज के करीब है। प्रदेश बड़े राज्यों में 'हर घर जल' प्रमाणीकरण में पहले स्थान पर है। प्रदेश की समस्त शालाओं एवं आंगनवाड़ियों में नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। प्रदेश देश का सर्वप्रथम राज्य है जिसने अपनी सभी जिला स्तरीय प्रयोगशालाओं का सर्वप्रथम एनएबीएल प्रमाणीकरण कराया गया है। प्रदेश के सभी जिले 25 प्रतिशत से अधिक नल से जल के आच्छादन की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। साथ ही 11,300 से अधिक ग्रामों में शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन दिया गया है। ये ग्राम 'हर घर जल' ग्राम घोषित हो गए हैं, जिनमें से 5,200 से अधिक ग्रामों को संबंधित ग्रामों की ग्राम सभा द्वारा 'हर घर जल' ग्राम प्रमाणित कर दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदान की गई जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में इस विभाग द्वारा 31 मार्च, 2024 तक 76 प्रतिशत (85 लाख 52 हजार ग्रामीण घर) एवं 31 दिसम्बर, 2025 तक शत-प्रतिशत (112 लाख 17 हजार ग्रामीण घर) प्रगति का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख सचिव ने कहा है कि समस्त शत-प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल-जल प्रदाय के लिये जल-जीवन मिशन अन्तर्गत 79 हजार 604 करोड़ लागत की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

मध्यप्रदेश की जल सखी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

छिंदवाड़ा जिले के ग्राम गढ़मऊ की स्व-सहायता समूह की सदस्य एवं जल सखी श्रीमती अनीता चौधरी को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023' से सम्मानित किया गया है। इस साल 4 मार्च को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने श्रीमती अनीता चौधरी को सम्मानित किया था। छिंदवाड़ा जिले की जल सखी श्रीमती अनीता चौधरी ने जल-संरक्षण और उसके सदुपयोग का अप्रतिम संदेश देकर महिलाओं को जागरूक करने का अनुकरणीय कार्य किया है।

जल सखी किसे कहते हैं?

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में जल समितियां ग्राम जल आपूर्ति प्रणालियों की योजना, क्रियान्वयन, प्रबंधन, संचालन और रख-रखाव करती हैं। इन समितियों में 10-15 सदस्य होते हैं, जिनमें कम-से-कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य एवं स्व-सहायता समूहों के अन्य सदस्य, मान्यता प्राप्त सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनवाड़ी, शिक्षक आदि शामिल होते हैं। समितियों में शामिल इन महिलाओं को ही जल सखी कहते हैं। जल सखी ग्रामीण इलाकों में वर्षा जल की बर्बादी रोककर उसके जल संरक्षण और पानी के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करती हैं।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विश्व ब्रेल दिवस - 4 जनवरी

नेत्रहीनों के मसीहा - लुई ब्रेल

ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित लोगों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। ब्रेल लिपि के माध्यम से ही दृष्टिहीन लोग संसार को जान, समझ और महसूस कर सकते हैं। ब्रेल, एक विशेष शैली है, जिसे दुनियाभर में नेत्रहीन व्यक्तियों को पढ़ाई के लिए साधन के रूप में अपनाया जाता है। यह प्रणाली उन्हें शब्द, संख्या और अन्य सूचनाओं को महसूस करने की क्षमता देती है, जिससे उन्हें समाज में अधिक स्वतंत्रता मिलती है। दृष्टिहीन लोगों के लिए ब्रेल की रोशनी लेकर आये महान व्यक्ति थे - लुई ब्रेल। लुई ब्रेल का जन्म 4 जनवरी 1809 में फ्रांस के छोटे से ग्राम कूप्रे में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। बचपन में हुए एक हादसे के चलते लुई ब्रेल की आंखों की रोशनी चली गई थी। जिसके बाद लुई ब्रेल ने बहुत परेशानियों का सामना किया। लेकिन कभी हार नहीं मानी। लुई ब्रेल ने नेत्रहीनों के स्कूल में दाखिला लिया जहां उनको सेना की एक ऐसी कूटलिपि के बारे में पता चला जो अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ने में मदद करेगी। जिसे "नाइट राइटिंग" या "सोनोग्राफी" लिपि कहा जाता था। बालक ब्रेल के दिमाग में नेत्रहीनों के लिए भी इस तरह की लिपि के बारे में विचार आया। आठ वर्षों के अथक परिश्रम के बाद ब्रेल ने कूटलिपि में अनेक संशोधन किये और अंततः छह बिन्दुओं पर आधारित ऐसी लिपि बनाने में सफल हुए जो नेत्रहीनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी। विडंबना ये रही कि उनके द्वारा आविष्कृत लिपि को तत्कालीन शिक्षाशास्त्रियों द्वारा मान्यता नहीं दी गयी और उसका माखौल उड़ाया गया। लुई ब्रेल ने हार नहीं मानी और अपनी अविष्कृत लिपि को दृष्टिहीन व्यक्तियों के मध्य लगातार प्रचारित करते रहें। उन्होंने सरकार से प्रार्थना की कि इसे दृष्टिहीनों की भाषा के रूप में मान्यता प्रदान की जाये। यह लुई का दुर्भाग्य रहा कि उनके प्रयासों को सफलता नहीं मिल सकी और तत्कालीन शिक्षाशास्त्रियों द्वारा इसे भाषा के रूप में मान्यता दिये जाने योग्य नहीं समझा गया। अपने प्रयासों को सामाजिक एवं संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिये संघर्षरत लुई 43 वर्ष की अवस्था में अंततः 1852 में जीवन की लड़ाई से हार गये परन्तु उनका हौसला उनकी मृत्यु के बाद भी नहीं मरा। लुई ब्रेल द्वारा अविष्कृत छह बिन्दुओं पर आधारित लिपि उनकी मृत्यु के उपरान्त दृष्टिहीनों के मध्य लगातार लोकप्रिय होती गयी। लुई की मृत्यु के बाद शिक्षाशास्त्रियों द्वारा उनके किये गये कार्य की गम्भीरता को समझा जाने लगा। लुई की मृत्यु के सौ वर्ष बाद फ्रांस में 20 जून 1952 को उन्हें सम्मानित किया गया।

ब्रेल लिपि नेत्रहीनों के पढ़ने और लिखने की एक स्पर्शनीय कोड है। इसमें विशेष प्रकार के उभरे कागज का इस्तेमाल होता है, जिस पर उभरे हुए बिंदुओं को छूकर पढ़ा जा सकता है। टाइपराइटर के तरह की ही एक मशीन 'ब्रेलराइटर' के माध्यम से ब्रेल लिपि को लिखा जा सकता है। इसके अलावा स्टायलस और ब्रेल स्लेट के जरिए भी इसे लिख सकते हैं। ब्रेल में उभरे हुए बिंदुओं को 'सेल' कहा जाता है। जो लोग जन्मजात या किसी कारण वश अपनी आंखों की रोशनी खो देते हैं, उनके लिए समाज में अन्य लोगों के बराबर खड़े होने, उन्हें पढ़ाई से वंचित न होना पड़े और वह अपनी शारीरिक कमी के बाद भी आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार करके लुई ब्रेल दुनियाभर के दृष्टिबाधितों के मसीहा बन गए।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 6 नवंबर 2018 को एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें हर साल 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के जन्मदिन को 'विश्व ब्रेल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद 4 जनवरी 2019 को पहली बार विश्व ब्रेल दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र के विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में तकरीबन 39 मिलियन लोग नेत्रहीन हैं, तो वहीं करीब 253 मिलियन लोग किसी न किसी तरह की आंखों से जुड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए ब्रेल लिपि बहुत ही मददगार है। लुई द्वारा किये गये कार्य अकेले किसी राष्ट्र के लिये न होकर सम्पूर्ण विश्व की दृष्टिहीन मानव जाति के लिये उपयोगी थे अतः सिर्फ एक राष्ट्र के द्वारा सम्मान प्रदान किये जाने भर से उस मनीषी को सच्ची श्रद्धांजलि नहीं हो सकती थी। वर्ष 2009 में 4 जनवरी को जब लुई ब्रेल के जन्म को पूरे दो सौ वर्षों का समय पूरा हुआ तो लुई ब्रेल जन्म द्विशती के अवसर पर भारत देश ने उन्हें पुनः पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जब इस अवसर पर उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया।

ब्रेल लिपि ने नेत्रहीनों को एक नए संसार से रूबरू कराया। हमारे देश में भी ब्रेल लिपि में धार्मिक ग्रंथों सहित अन्य ग्रंथों का अनुवाद किया गया है। इसी तरह रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड्स सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ब्रेल लिपि द्वारा दृष्टिहीन व्यक्तियों को मार्गदर्शन दिया जाता है। एटीएम, लिफ्ट, कैलकुलेटर अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ब्रेल लिपि का उपयोग हो रहा है। कोरोना काल में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से कोरोना रोकथाम के लिए ब्रिल सामग्री का उत्पादन किया गया। यूनिसेफ द्वारा भी इस दौरान ब्रेल लिपि में काफी जानकारी तैयार करवाई गई। भारत में सरकार द्वारा विकलांगों की सुविधा के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार द्वारा विकलांग जन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 पारित किया गया था। फिर 2011 में विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम। देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि विकलांग संस्थान, स्थापित किया गया जो देश में ऑडियो पुस्तकों सहित ब्रेल साहित्य और उपकरणों का सबसे बड़ा उत्पादक और वितरक है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भी विकलांग व्यक्तियों के हितों के लिए लगातार काम हो रहा है। सरकार की ऐसी ढेर सारी योजनाए हैं जो दिव्यांगों को सम्बल प्रदान करती हैं। हमारी राष्ट्रीय नीति मानती है कि विकलांग व्यक्ति देश के लिए मूल्यवान मानव संसाधन होते हैं, ऐसे व्यक्तियों को मिले समान अवसरों, उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा समाज में पूर्ण भागीदारी देने का प्रयास करते हैं। दृष्टिहीन बच्चों के लिए सामान्य बच्चों की तरह ही पाठ्यक्रम है। सभी विषयों को वो ब्रेल लिपि की पुस्तकों के माध्यम से पढ़ सकते हैं। नेत्रहीन बच्चों के लिए ब्रेल पढ़ने के तरीके, स्लेट और स्टाइतस का उपयोग, ऑडियो का उपयोग और अन्य गतिविधियों का विकास किया जाता है। हमारे देश में दृष्टिहीन बच्चों के लिए विशेष स्कूलों के साथ साथ उन्हें सामान्य बच्चों की तरह ही शिक्षा प्रदान की जाती है। ब्रेल लिपि में शिक्षा प्राप्त कर नेत्रहीन व्यक्ति समाज की मुख्य धारा से जुड़कर बड़े ओहदे तक भी पहुंच रहे हैं। कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सामान्य व्यक्तियों की तरह ही नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए भी कैरियर में समान अवसर हैं।

सामान्य व्यक्ति भी ब्रेल लिपि सीख कर इसे कैरियर के रूप में अपना सकते हैं। शिक्षक, प्रशिक्षक और मार्गदर्शक के क्षेत्र में अपार सम्भावनायें हैं। आजकल बहुत सी स्वयंसेवी संस्थाएं भी नेत्रहीन लोगों के लिए काम कर रही हैं ,ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़कर भी इस क्षेत्र में काम किया जा सकता है। लुई ब्रेल ने ब्रेल लिपि का आविष्कार कर दृष्टिहीनों के लिए ज्ञान का द्वार खोल दिया है जिससे उन्हें पढ़-लिखकर आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं वहीं उनका आत्मबल भी मजबूत हुआ है।

वैश्विक स्तर पर लुई ब्रेल दिवस मनाने का उद्देश्य संचार के साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना, दृष्टि-बाधित लोगों को उनके अधिकार प्रदान करना और ब्रेल लिपि को बढ़ावा देना है। यह भी कोशिश है कि दृष्टिहीन लोग कैसे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं और कैसे उन्हें समाज में समर्थ बनाया जा सकता है। ब्रेल दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छी शिक्षा और जीवन का अधिकार हमारे संविधान ने दिया है।

- वीणा सबलोक पाठक
(लेखिका : स्तम्भकार हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ग्रास कोर्ट पर खेला जाता है?
(अ) यूएस ओपन
(ब) फ्रेंच ओपन
(स) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(द) विम्बलडन

2. इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने दो बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है?
(अ) विराट कोहली
(ब) श्रेयस अय्यर
(स) शुभमन गिल
(द) अक्षर पटेल

3. भारत ने किस वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी?
(अ) वर्ष 2006
(ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2014
(द) इनमें से कोई नहीं

4. वर्ष 2023 में किस खिलाड़ी ने मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) आंद्रे रूबलेव
(ब) होल्गर रूने
(स) एंडी मरे
(द) डेनिल मेदवेदेव

5. वर्ष 2023 में किस फुटबॉल क्लब ने यूएफा सुपर कप टूर्नामेंट जीता है?
(अ) बार्सिलोना
(ब) एटलेटिको मेड्रिड
(स) वेलेंसिया
(द) मेनचेस्टर सिटी

6. वर्ष 2023 में इनमें से कौन-सा खिलाड़ी पीजीए गोल्फ चैम्पियनशिप का विजेता बना है?
(अ) ब्रूक कोएप्का
(ब) जस्टिन थॉमस
(स) फिल मिकेलसन
(द) जिमी वॉकर

7. लीग-1 किस देश में खेली जाने वाली एक घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता है?
(अ) स्पेन (ब) फ्रांस
(स) जर्मनी (द) इटली

8. इनमें से किसे हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कोच बनाया गया है?
(अ) वसीम जाफर
(ब) संजय बांगड़
(स) अमोल मजुमदार
(द) इरफान पठान

9. बीमर शब्द किस खेल से संबंधित एक टर्म है?
(अ) जिम्नास्टिक (ब) क्रिकेट
(स) हॉकी (द) टेनिस

10. इनमें से किस वर्ष अर्जेंटीना ने फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप नहीं जीता है? (अ) वर्ष 1978
(ब) वर्ष 1986
(स) वर्ष 2014 (द) वर्ष 2022

11. ट्रायथलॉन स्पर्धा को ओलिंपिक खेलों में पहली बार कब शामिल किया गया था?
(अ) वर्ष 1976 (ब) वर्ष 1984
(स) वर्ष 1992 (द) वर्ष 2000

12. ओपियन गेम्स-2023 में किस देश ने पुरुष हॉकी वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) जापान (द) बांग्लादेश

13. वर्ष 2023 में फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?
(अ) नाजोमी ओकुहारा
(ब) चेन यूफेई
(स) साइना नेहवाल
(द) ताई जू यिंग

14. आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप-2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?
(अ) कैगिसो रबाडा
(ब) एडम जंपा
(स) मोहम्मद शमी
(द) मार्को यान्सेन

15. इस वर्ष किस देश ने आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप का खिताब जीता है?
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) इंग्लैंड

16. इनमें से किस क्रिकेटर को हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है?
(अ) वीरेंद्र सहवाग
(ब) युवराज सिंह
(स) आशीष नेहरा
(द) अजय जडेजा

17. इनमें से किस देश ने सबसे ज्यादा बार डेविस कप का खिताब जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इटली
(स) चेक रिपब्लिक
(द) अमेरिका

18. ओलिंपिक खेलों और एशियाई खेलों का आयोजन आमतौर पर कितने वर्ष के अंतराल में होता है?
(अ) दो वर्ष
(ब) तीन वर्ष
(स) चार वर्ष
(द) समयसीमा निश्चित नहीं

19. कैस्पर रूड किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) पोलैंड (ब) ऑस्ट्रिया
(स) क्रोएशिया (द) नॉर्वे

20. वर्ष 2023 में किस महिला खिलाड़ी को वेलोन डि ओर पुरस्कार दिया गया है?
(अ) एलेक्सिया पुटेलस
(ब) मेगन रेपिनोए
(स) ऐटाना बोनामाटी
(द) इनमें से कोई नहीं

21. टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) डॉन ब्रेडमैन
(ब) ब्रायन लारा
(स) वीरेंद्र सहवाग
(द) मैथ्यू हेडन

22. विश्व के दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) अमेरिका (ब) कनाडा
(स) ब्रिटेन (द) सर्बिया

23. नीरज चोपड़ा ने वर्ष 2023 में डायमंड लीग फाइनल में कौन-सा पदक जीता था?
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

24. वर्ष 2023 में किस महिला धावक ने लंदन मैराथन रेस जीती है?
(अ) ब्रिगिड कोसगेई
(ब) जेमिमा सुमगोंग
(स) सिफान हसन
(द) इनमें से कोई नहीं

25. वर्ष 2026 में किस देश में शीतकालीन ओलिंपिक खेलों का आयोजन होना प्रस्तावित है?
(अ) जापान (ब) आयरलैंड
(स) दक्षिण कोरिया (द) इटली

उत्तर

1. (द), 2. (स), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (अ), 7. (ब), 8. (स), 9. (ब), 10. (स), 11. (द), 12. (अ), 13. (ब), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (स), 19. (द), 20. (स), 21. (ब), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए

सामान्य ज्ञान

प्र. 1 निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवासरत हैं?
(अ) राजस्थान (ब) मध्यप्रदेश
(स) झारखण्ड (द) छत्तीसगढ़

उत्तर- (ब) वर्ष 2011 के अंतिम आकड़ों के अनुसार देश की सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या मध्यप्रदेश में निवासरत है, अर्थात जनजातीय जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। प्रदेश में करीब 46 अनुसूचित जनजातियां हैं जिनकी जनसंख्या 1.53 करोड़ है, जो देश में सर्वाधिक है।

प्र.2 मध्यप्रदेश में भील जनजाति प्रदेश के किस क्षेत्र में सर्वाधिक बाहुल्य है?
(अ) पूर्वी क्षेत्र (ब) पश्चिमी क्षेत्र
(स) उत्तरी क्षेत्र (द) दक्षिणी क्षेत्र

उत्तर- (ब)

प्र.3 मध्यप्रदेश की दूसरी बड़ी जनजाति कौन-सी है?
(अ) गोंड (ब) भील
(स) कोरकू (द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (अ) गोंड मध्यप्रदेश की दूसरी जनजाति होने के साथ-साथ भारत की सबसे बड़ी जनजाति भी है। गोंड जनजाति लगभग सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में फैली हुई हैं। विशेष कर पूर्वी दक्षिण जिलों में।

प्र. 4 दूध लौटावा प्रथा किस जनजाति में प्रचलित है?
(अ) भील (ब) बैगा
(स) कोरकू (द) गोंड

उत्तर- (द) मध्यप्रदेश की गोंड जनजाति में भाई का लड़का और बहन की लड़की अथवा भाई की लड़की और बहन का लड़का में विवाह का प्रचलन है, जिसे ये लोग दूध लौटावा कहते हैं।

प्र. 5 भील शब्द संस्कृत भाषा के किस शब्द से लिया गया है?
(अ) भिल्ल (ब) बील
(स) विवाल (द) ये सभी

उत्तर- (अ) भील शब्द संस्कृत भाषा के भिल्ल शब्द से बना है। यह भी माना जाता है कि भील शब्द द्रविड़ भाषा के बील या बिलसे से आया है। जिसका अर्थ धनुष होता है।

प्र. 6 इनमें से कौन-सा विवाह करने वाले व्यक्ति को लामानाई कहा जाता है?
(अ) सेवा विवाह
(ब) पलायन विवाह
(स) ब्रह्म विवाह
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (अ) गोंड जनजाति में वर द्वारा वधू मूल्य नहीं चुकाने की स्थिति में वह भावी ससुर के यहां सेवा करता है, जिससे खुश होकर उसे कन्या दे दी जाती है इसे सेवा विवाह कहा जाता है तथा वह व्यक्ति लामानाई कहलाता है।

प्र. 7 बैगाओं के द्वारा की जाने वाली कृषि को क्या कहते हैं?
(अ) बारी (ब) बेवार
(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (ब)

प्र. 8 मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में निवासरत मुख्य जनजाति कौन-सी हैं?
(अ) भील (ब) कोरकू
(स) बैगा (द) बंजारा

उत्तर- (स)

प्र. 9 व्यवसाय के आधार पर गोंड जनजाति की निम्न में से कौन-कौन-सी उपजनजातियां हैं?
(अ) अगरिया (ब) ओझा
(स) प्रधान (द) उपरोक्त सभी

उत्तर- (द)

प्र.10 मध्यप्रदेश की किस जनजाति में गोल गधेड़ो प्रथा पायी जाती है?
(अ) पारधी (ब) पनियन
(स) भील (द) गोंड

उत्तर- (स)

प्र.11 आदिम जनजाति कोरकू मध्यप्रदेश के किन जिलों में मुख्यत: पायी जाती हैं?
(अ) दक्षिणी जिले
(ब) उत्तर-पश्चिम के जिले
(स) पूर्वी जिले
(द) उत्तर-पूर्वी जिले

उत्तर- (अ)

प्र.12 बैगा पुस्तक के रचियता कौन थे?
(अ) वैरियर एल्विन
(ब) बर्नियर
(स) बरनवाल
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (अ)

प्र.13 निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति मध्यप्रदेश में पायी जाती हैं?
(अ) मुण्डा, उरांव, संथाल, हो
(ब) बैगा, सहरिया, गोंड, भील
(स) माड़िया, भील, गोंड, संथाल
(द) खारिया, माड़िया, गोंड, उरांव

उत्तर- (ब)

प्र. 14 मध्यप्रदेश में हल्वा जनजाति कहां पायी जाति है?
(अ) बालाघाट (ब) निमाड़
(स) जबलपुर (द) विंध्यक्षेत्र

उत्तर- (अ)

प्र.15 जंगलियों के भी जंगली किसे कहा जाता है?
(अ) बैगाओं (ब) अबुझमाड़ियों
(स) भारिया (द) सभी को

उत्तर- (स)

प्र.16 मध्यप्रदेश की गोंड जनजाति किस भाषा परिवार की है?
(अ) द्रविड़ियन
(ब) कोलोरियन
(स) आंस्ट्रेलियन
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (अ)

प्र.17 निम्न में से किस जनजाति में पड़ियार और भुमका को अति सम्मान प्राप्त है?
(अ) बैगा (ब) कोरकू
(स) भील (द) गोंड

उत्तर- (ब)

प्र.18 कोरकू का शाब्दिक अर्थ क्या है?
(अ) काले
(ब) कोलेरियन
(स) मनुष्य का समूह
(द) किसान

उत्तर- (स) कोरकू का शाब्दिक अर्थ मनुष्य का समूह होता है। कोरकू चिन्ह (टोटम) से बंधा है तथा इनमें समगोत्री विवाह वर्जित हैं।

प्र.19 कौल जनजाति गांव या शहर के समीप अपना-अलग मोहल्ला बसाकर रहती हैं, जिसे कहां जाता है?
(अ) टोला (ब) शंकुल
(स) कस्बा (द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (अ)

प्र. 20 कोइला भूतिस कहलाते हैं?
(अ) लोहे का काम करने वाला वर्ग
(ब) पुजारी वर्ग
(स) नाचने-गाने वाले गोंड
(द) बढ़ईगिरी का काम करने वाले

उत्तर- (स) नाचने-गाने वाले गोंड कोइला भूतिस कहलाते हैं। लोहे का काम करने वाले वर्ग-अगरिया, मंदिरों में पूजा-पाठ तथा पुजारी का करने वाला प्रधान पंडिताई तथा तांत्रिक क्रिया करने वाला-ओझा।

प्र.21 लहंगी नृत्य किस जनजाति से संबंधित है?
(अ) सहरिया (ब) कोल
(स) भील (द) भारिया

उत्तर- (अ)

प्र. 22 लकड़बग्धा एवं जिर्दवा किस क्षेत्र के प्रमुख लोक नाट्य हैं?
(अ) निमाड़ (ब) मालवा
(स) बुंदेलखण्ड (द) बघेलखण्ड

उत्तर- (द)

प्र. 23 निम्न में से किसे विश्व में प्रथम कंघी के आविष्कारक के रूप में जाना जाता है?
(अ) कोल (ब) बंजारा
(स) सहरिया (द) पनिका

उत्तर- (ब)

प्र. 24 शंकरशाह और रघुनाथ शाह का संबंध किस क्षेत्र से हैं?
(अ) ग्वालियर (ब) जबलपुर
(स) धार (द) झाबुआ

उत्तर- (ब) राजा शंकरशाह का संबंध जबलपुर से है। उनका महल जबलपुर के निकट गढ़ा में था, रघुनाथ शाह राजा शंकर शाह का पुत्र है, दोनों को ही 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रजों ने सितम्बर 1857 में तोप से उड़ा दिया गया। गढ़ा राजवंश के राजा शंकरशाह और उनके बेटे रघुनाथशाह के साथ ही 1857 के महासमर में गोंड जनजाति के कई सूरमाओं ने मध्यप्रदेश के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में अपने स्तर पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था।

प्र. 25 वीर गुलाब सिंह पटेल संबंधित थे?
(अ) स्वतंत्रता सेनानी
(ब) पत्रकारिता
(स) ब्रिटिश छावनी में लेटिनेंट
(द) समाज सेवक

उत्तर- (अ) महाकौशल क्षेत्र के वीर गुलाबसिंह पटेल मध्यप्रदेश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके नेतृत्व में अगस्त 1942 में गिरफ्तार किये गए कांग्रेस नेताओं के विरोध में जबलपुर में एक आंदोलन चलाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज में गुलाबसिंह शहीद हो गए।

प्र. 26 विजयराघवगढ़ (कटनी) के वह राजा जिन्होंने सन् 1865 में काले पानी की सजा न स्वीकारते हुए शहीद हो गए?
(अ) ठाकुर रणमत सिंह
(ब) गुलाबसिंह पटेल
(स) सीताराम कुंवर
(द) सरजू प्रसाद सिंह

उत्तर- (द)

प्र. 27 मनकहरी के ठाकुर रणमत सिंह को फांसी की सजा किस वर्ष दी गई?
(अ) 1857 (ब) 1865
(स) 1859 (द) 1942

उत्तर- (स)

प्र. 28 आदिवासी वीर योद्धा सीताराम कंवर का जन्म कहां हुआ?
(अ) निमाड़
(ब) जबलपुर
(स) पन्ना
(द) विदिशा

उत्तर- (अ)

प्र. 29 वर्ष 1930 के जंगल सत्याग्रह में मध्यप्रदेश के किस आदिवासी क्रांतिकारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी?
(अ) भीमा नायक
(ब) कांवा आदिवासी
(स) गंजनसिंह कोरकू
(द) टंट्या भील

उत्तर- (स)

प्र. 30 मध्यप्रदेश के किस प्रमुख राजवंश व उनकी राजधानी के जोड़े सही नहीं हैं?
(अ) औलिकर वंश - दशपुर
(ब) कलचुरी वंश - त्रिपुरी
(स) बुन्देला - ओरछा
(द) परमार वंश - जबलपुर

उत्तर- (द)

प्र. 31 निम्नलिखित में से मध्यप्रदेश के किस जनजातीय व्यक्तित्व को आदिवासी देवता की तरह मानते हैं?
(अ) टंट्या भील
(ब) भीमा नायक
(स) गुंजनसिंह कोरकू
(द) शंकर शाह

उत्तर- (अ)

प्र. 32 टंट्या भील को किस वर्ष फांसी दी गई थी?
(अ) 1882 (ब) 1885
(स) 1889 (द) 1893

उत्तर- (स)

प्र. 33 मध्यप्रदेश सरकार द्वारा टंट्या भील के नाम पर वर्ष 2008 में पुरस्कार स्थापित किया गया था जिसकी राशि है?
(अ) 50 हजार (ब) एक लाख
(स) दो लाख (द) तीन लाख

उत्तर- (द)

प्र. 34 मध्यप्रदेश के किस आदिवासी क्रांतिकारी को अंग्रेजों ने पोर्ट ब्लेयर व निकोबार में रखा था?
(अ) टंट्या भील
(ब) भीमा नायक
(स) गुंजनसिंह कोरकू
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (ब)

प्र. 35 निमाड़ का रॉबिनहुड किसे कहा जाता है?
(अ) भीमा नायक
(ब) गुलाब चंद
(स) उदय चन्द
(द) सहादत खाँ

उत्तर- (अ)

प्र. 36 मध्यप्रदेश के किस शहीद की शहादत इलाहाबाद में हुई?
(अ) पदम्धर सिंह
(ब) महादेव तेली
(स) गुलाब सिंह
(द) वीरसा गोंड

उत्तर- (अ)

प्र. 37 सन् 1660 में उड़ान सिंह ने निम्न में से किस स्थान की स्थापना की थी?
(अ) विदिशा (ब) सागर
(स) रीवा (द) रायसेन

उत्तर- (ब)

प्र. 38 मध्यप्रदेश की औधोगिक नीति 2014 किस दिनांक को प्रारंभ हुई?
(अ) 30 जुलाई (ब) 30 सितंबर
(स) 30 अक्टूबर (द) 30 अगस्त

उत्तर- (ब)

प्र. 39 मध्यप्रदेश में प्रागैतिहासिक शिलाचित्र कहां पर पाए गए हैं?
(अ) बाघ की गुफाएं
(ब) उदयगिरी की गुफाएं
(स) सोनागिरी की गुफाएं
(द) भीम बैठिका की गुफाएं

उत्तर- (द)

प्र. 40 तत्कालीन मालवा सल्तनत के संस्थापक थे?
(अ) खींज खान
(ब) दिलावर खान
(स) जफर खान
(द) होंशाग शाह

उत्तर- (ब)

प्र. 41 माहिष्मति नगर को किसने बसाया था?
(अ) शत्रुवाती
(ब) कीर्तवीर्य अर्जुन
(स) हैहय राजा
(द) अहिल्या बाई

उत्तर- (स)

प्र. 42 हैहय राजा में सबसे प्रतापी राजा कौन थे?
(अ) कीर्तवीर्य अर्जुन
(ब) महिष्मत
(स) भड़ श्रेव्य
(द) त्रिशंकु

उत्तर- (अ)

प्र. 43 इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(अ) रीवा विंध्यप्रदेश की राजधानी थी
(ब) ग्वालियर मध्यप्रदेश की राजधानी थी
(स) जबलपुर महाकौशल की राजधानी थी
(द) भोपाल, भोपाल राज्य की राजधानी थी।

उत्तर- (ब)

- इमरतलाल खरते
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

म.प्र. लोक सेवा आयोग तथा कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. निम्न में से भारत का कौन-सा राज्य जल बजट को अपनाने वाला पहला राज्य बन गया है -
(अ) राजस्थान (ब) आंध्रप्रदेश
(स) केरल (द) तमिलनाडु
उत्तर- (स) केरल

2. निम्न में से कौन-सा सुमेलित नहीं है -

नदी	उपनाम
(अ) तीस्ता	सिक्किम की जीवन रेखा
(ब) दामोदर	जैविक मरुस्थल
(स) लूनी नदी	लवनवारी (नमक नदी)
(द) उमंगोट	लाल नदी

उत्तर- (द) उमंगोट-लाल नदी

3. गंगाबल झील निम्न में से किस प्रकार की झील का उदाहरण है -
(अ) हिमानी (टार्न)
(ब) विवर्तनिक
(स) गर्त (क्रेटर)
(द) नदीय
उत्तर- (अ) हिमानी (टार्न)

4. यूथांग घाटी निम्न में से किस राज्य में अवस्थित है -
(अ) नागालैंड (ब) सिक्किम
(स) मिजोरम (द) त्रिपुरा
उत्तर- (ब) सिक्किम

5. 'नामचिक नामफुक' कोयला क्षेत्र निम्न में से किस राज्य में है -
(अ) नागालैण्ड
(ब) मणिपुर
(स) त्रिपुरा
(द) अरूणाचल प्रदेश
उत्तर- (द) अरूणाचल प्रदेश

6. भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक को निम्न में से किसका दोस्त व मार्गदर्शक कहा जाता है -
(अ) लोकलेखा समिति
(ब) प्राक्कलन समिति
(स) प्रवर समिति
(द) वित्त आयोग
उत्तर- (अ) लोकलेखा समिति

7. ई-रकम पोर्टल का संबंध किससे है -
(अ) छात्र (ब) किसान
(स) वृद्धजन (द) महिला
उत्तर- (ब) किसान

8. निम्न में से किस विटामिन को कॉनेज़ियम आर के रूप में जाना जाता था -
(अ) B_6 (ब) B_9
(स) B_7 (द) B_{12}
उत्तर- (स) B_7

9. निम्न में से किस क्षेत्र को विश्व का ब्रेड बास्केट कहा जाता है -
(अ) भूमध्यसागरीय क्षेत्र
(ब) मानसूनी क्षेत्र
(स) विषुवतीय क्षेत्र
(द) समशीतोष्ण क्षेत्र
उत्तर- (द) समशीतोष्ण क्षेत्र

10. निम्न में से किस मंत्रालय ने विकलांग बच्चों की मदद के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल लॉन्च किया है -
(अ) MSME
(ब) गृह मंत्रालय
(स) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
(द) स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय
उत्तर- (स) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

11. 'पंचामृत' प्रतिज्ञा किससे संबंधित है -
(अ) गरीबी उन्मूलन
(ब) बुनियादी ढांचे का विकास
(स) जलवायु परिवर्तन का मुकाबला
(द) क्षेत्रीय रक्षा व सुरक्षा
उत्तर- (स) जलवायु परिवर्तन का मुकाबला

12. निम्नलिखित में से किसके द्वारा मुंबई तट पर 'प्रश्थान' अभ्यास आयोजित किया गया -
(अ) भारतीय सेना
(ब) भारतीय वायु सेना
(स) भारतीय नौसेना
(द) भारतीय तट रक्षक बल
उत्तर- (द) भारतीय तट रक्षक बल

13. गूगल की मूल कंपनी 'अल्फाबेट' द्वारा कौन-सा उन्नत AI मॉडल लॉन्च किया गया है -
(अ) एक्वा (ब) जेमिनी
(स) नियो (द) गॉसिप
उत्तर- (ब) जेमिनी

14. 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का मुख्य उद्देश्य क्या है -
(अ) पर्यावरण संरक्षण
(ब) खेलों को बढ़ावा देने हेतु
(स) देश के लिए बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (स) देश के लिए बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि

15. निम्न में से किसे सर्वप्रथम परमवीर चक्र प्रदान किया गया था -
(अ) जनरल मानेकशॉ
(ब) मेजर सोमनाथ शर्मा
(स) ब्रिगेडियर राजेन्दर सिंह
(द) लेफ्टिनेंट कर्नल देवान रंजीत राय
उत्तर- (ब) मेजर सोमनाथ शर्मा

16. 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अभियान का प्राथमिक लक्ष्य क्या है -
(अ) पर्यटन को बढ़ावा देना
(ब) सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन
(स) सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता एवं लाभ उठाने हेतु प्रेरित करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता एवं लाभ उठाने हेतु प्रेरित करना

17. सरकारी योजनाओं और डिजिटल क्रेडिट कार्ड के बारे में भारत के सूक्ष्म उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए किस कंपनी ने लघु उद्योग भारती के साथ हाथ मिलाया है -
(अ) टाटा कैपिटल
(ब) बजाज फाइनेंस
(स) यू ग्रो कैपिटल
(द) केनरा बैंक
उत्तर- (स) यू ग्रो कैपिटल

18. इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में किस शहर को भारत में सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी का पुरस्कर दिया गया -
(अ) पुणे (ब) बेंगलुरू
(स) इंदौर (द) हैदराबाद
उत्तर- (स) इंदौर

19. भारत की पहली अंतरिक्ष - आधारित सौर वेधशाला का नाम क्या है -
(अ) सनव्यू-1
(ब) सोलारिस मिशन
(स) आदित्य - L1
(द) अल्फा
उत्तर- (स) आदित्य - L1

20. अबू धाबी मास्टर्स 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब किसने जीता -
(अ) सामिया इमाद फारूकी
(ब) उन्नति हुडा
(स) पी.वी. सिंधु
(द) साइना नेहवाल
उत्तर- (ब) उन्नति हुडा

21. ओलिंपिक खेल लॉस एंजिल्स 2028 में किस खेल को शामिल करने की घोषणा की गई है -
(अ) 20-20 क्रिकेट
(ब) रग्बी
(स) टेनिस
(द) गोल्फ
उत्तर- (अ) 20-20 क्रिकेट

22. घास के मैदान पारिस्थितिकी तंत्र में किस प्रकार का बायोम पारिस्थितिक पिरामिड मौजूद है -
(अ) सीधा
(ब) उल्टा
(स) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) सीधा

23. सीआरपीएफ में आईजी के रूप में नियुक्त होने वाली देश की पहली महिला कौन हैं -
(अ) श्रीविद्या राजन
(ब) सीमा धूंडिया
(स) गुंजन सक्सेना
(द) मिताली मधुमिता
उत्तर- (ब) सीमा धूंडिया

24. निम्न में से कौन सा वक्र आय असमानता या धन असमानता के रेखा चित्रीय निरूपण को दर्शाता है -
(अ) फीलिप्स चक्र
(ब) लारेंज वक्र
(स) लाफर वक्र
(द)
उत्तर- (ब) लारेंज वक्र

25. 'भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान' कहां अवस्थित है -
(अ) कोलकाता (ब) लखनऊ
(स) शिमला (द) हैदराबाद
उत्तर- (द) हैदराबाद

26. निम्न में से किस गवर्नर जनरल ने भारत में राजस्व प्रशासन व न्याय व्यवस्था का पृथक्करण किया था -
(अ) वेलेजली
(ब) डलहौजी
(स) कार्नवालिस
(द) विलियम बेंटिक
उत्तर- (स) कार्नवालिस

27. महात्मा बुद्ध के द्वारा दिए गए पंचशील सिद्धांत का वर्णन निम्न में से किस उपनिषद् में प्राप्त होता है -
(अ) छांदोग्य (ब) तैतरीय
(स) मुण्डक (द) कठोपनिषद्
उत्तर- (अ) छांदोग्य

28. निम्नलिखित में से किस राज्यपाल ने लोकायुक्त तथा म.प्र. विधि आयोग के अध्यक्ष होने का पदभार भी संभाला है -
(अ) जी.पी. सिंह
(ब) आनंदीबेन पटेल
(स) भगवत दयाल शर्मा
(द) राम नरेश यादव
उत्तर- (अ) जी.पी. सिंह

29. उदयपुर प्रशस्ति से किस शासक के शासन की जानकारी प्राप्त होती है -
(अ) राजा भोज (ब) कृष्णराज
(स) सिंधुराज (द) सिपाक द्वितीय
उत्तर- (अ) राजा भोज

30. निम्न में मस्तिष्क के कौन से भाग को मेटेनसिफेलॉन भी कहा जाता है -
(अ) प्रमस्तिष्क
(ब) पॉन्स वैरोलाई
(स) अनुमस्तिष्क
(द) डाइएनसेफलॉन
उत्तर- (स) अनुमस्तिष्क

31. 'एरिथ्रोपोइटिन' नामक हार्मोन का स्रवण मानव शरीर के किस अंग से होता है -
(अ) वृक्क
(ब) अग्नाशय
(स) पियूष ग्रंथि
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (अ) वृक्क

32. विषाणुओं के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है -
(अ) सभी विषाणु परजीवी होते हैं।
(ब) परपोषी के बाहर विषाणु रासायनिक पदार्थों के समान होते हैं।
(स) प्रजनन करने के लिए विषाणुओं को जीवित कोशिका की आवश्यकता होती है।
(द) प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से विषाणु अपने आहार का संश्लेषण कर सकते हैं।
उत्तर- (द) प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से विषाणु अपने आहार का संश्लेषण कर सकते हैं।

33. कार्टाजेना प्रोटोकॉल का संबंध निम्न में से किस समझौते से था -
(अ) ओजोन क्षरण से
(ब) जलवायु परिवर्तन से
(स) जैव सुरक्षा समझौते से
(द) कार्बन फुटप्रिंट से
उत्तर- (स) जैव सुरक्षा समझौते से

34. 'एम्नियोसेन्टोसिस' नामक प्रक्रिया से आप क्या समझते हैं -
(अ) हॉर्मोन का प्रकार
(ब) हृदय के उपचार से
(स) भ्रूण के लिंग का पता
(द) प्रोटीन के प्रकार से
उत्तर- (स) भ्रूण के लिंग का पता

35. निम्न में से किसके द्वारा उत्परिवर्तन का सिद्धांत दिया गया -
(अ) हेरिसन रिमट
(ब) चार्ल्स डार्विन
(स) ओटो हॉन
(द) ह्यूगो डी ब्रीज
उत्तर- (द) ह्यूगो डी ब्रीज

36. निम्न में से कौन-सा कोशिकांग एक कोशिका से दूसरी कोशिका में पदार्थों के अभिगमन पर नियंत्रण रखता है -
(अ) गॉल्जीबाडी
(ब) प्लाज्मा मेम्ब्रेन
(स) लाइसोसोम
(द) कोशिकाभित्ती
उत्तर- (ब) प्लाज्मा मेम्ब्रेन

37. फाइलेरिया रोग के संचरण के लिए निम्न में से कौन सा कीट जिम्मेदार है -
(अ) मादा क्यूलेक्स
(ब) बालू मक्खी
(स) टेबेनस मक्खी
(द) पेडिकुलस
उत्तर- (अ) मादा क्यूलेक्स

38. निम्न में से किस वैज्ञानिक द्वारा श्वसन के साइट्रिक अम्ल चक्र की खोज की गई -
(अ) हेन्सन (ब) हेन्स क्रेब्ज
(स) जोहॉनसन (द) जेम्स सिम्पसन
उत्तर- (ब) हेन्स क्रेब्ज

39. निम्न में से कौन सा प्लास्टिक थर्मोसेटिंग प्लास्टिक का उदा. नहीं है -
(अ) टेफ्लॉन (ब) फिल्पटल
(स) बीटल (द) बेकेलाइट
उत्तर- (अ) टेफ्लॉन

40. निम्न में से किस विस्फोटक को पिक्रिक अम्ल के नाम से भी जाना जाता है -
(अ) डायनामाइट (ब) TNT
(स) TNP (द) RDX
उत्तर- (स) TNP

41. कार्नोबा मोम मुख्यतः कहां से प्राप्त किया जाता है -
(अ) पेट्रोलियम से
(ब) ताड़ के पत्तों से
(स) व्हेल स्पर्म से
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) ताड़ के पत्तों से

42. निम्न में से किस उर्वरक को नाइट्रोलिम के नाम से भी जाना जाता है -
(अ) कैल्शियम साइनामाइड
(ब) यूरिया
(स) अमोनिया सल्फेट
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) कैल्शियम साइनामाइड

43. निम्न में से किस गैस का प्रयोग विज्ञापनों हेतु प्रतिदीप्ति बल्बों में किया जाता है -
(अ) आर्गन (ब) नियॉन
(स) हीलियम (द) रेडॉन
उत्तर- (ब) नियॉन

44. प्रतिरोध का मात्रक क्या है -
(अ) एम्पियर (ब) कूलम्ब
(स) हेनरी (द) ओम
उत्तर- (द) ओम

45. यदि किसी वस्तु की स्थिति अवतल दर्पण के फोकस पर है तो प्रतिबिम्ब कहां बनेगा -
(अ) अनन्त पर
(ब) दर्पण के पीछे
(स) फोकस पर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) अनन्त पर

46. यदि किसी बर्तन में पानी के ऊपर बर्फ तैर रही है तथा जब बर्फ पूरी तरह से पिघल जाएगी तो बर्तन में पानी का स्तर क्या होगा -
(अ) बढ़ेगा
(ब) घटेगा
(स) उतना ही रहेगा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) उतना ही रहेगा

47. रॉकेट निम्न में से किसके सिद्धांत पर कार्य करता है -
(अ) ऊर्जा संरक्षण
(ब) बर्नोली प्रमेय
(स) एवेगाड्रो परिकल्पना
(द) संवेग संरक्षण
उत्तर- (द) संवेग संरक्षण

48. तापीय आयनीकरण का सिद्धांत निम्न में से किस भारतीय वैज्ञानिक द्वारा दिया गया था -
(अ) एम.एन. साहा
(ब) एस.एन. बोस
(स) सी.वी. रमण
(द) जे.सी. बोस
उत्तर- (अ) एम.एन. साहा

49. राज्यसभा और लोकसभा को किस प्रक्रिया में समान अधिकार प्राप्त है -
(अ) नई अखिल भारतीय सेवा शुरू करने में
(ब) भारतीय संविधान के संशोधन में
(स) सरकार को पदच्युत करने में
(द) कटौती प्रस्ताव लाने में
उत्तर- (ब) भारतीय संविधान के संशोधन में

50. यह कथन किसके द्वारा कहा गया है - ''स्वराज उपनिवेशवादी सरकार नहीं है और यह किसी अन्य तरह की सरकार भी नहीं है, इसका अर्थ है अपने राष्ट्रीय जीवन की पूर्णता।''
(अ) भगत सिंह (ब) हरदयाल
(स) ऊधम सिंह (द) अरविंद घोष
उत्तर- (अ) भगत सिंह

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

खेल चर्चा

प्रदेश के 400 विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी खेल प्रतिभा

भोपाल, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता भोपाल में हुई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 400 जनजातीय विद्यार्थियों ने भाग लिया। संभाग स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में चयनित इन विद्यार्थियों ने 16 विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसमें 14 और 19 आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए कुल 48 प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें इंदौर संभाग ने प्रथम, जबलपुर संभाग ने द्वितीय और शहडोल संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित जनजातीय खिलाड़ी कर्नाटक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ईएमआरएस खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसका आयोजन भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

आठ विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराकर

भारतीय महिला टीम ने जीता टेस्ट मैच

मुंबई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व क्रिकेट में अपना परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया है। इंग्लैंड के बाद अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को धराशाई कर दिया है। मुंबई में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट मैच को भारतीय महिला टीम ने 8 विकेट से अपने नाम किया है।

मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 219 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिए ताहिला मैक्ग्राथ ने सबसे ज्यादा 50 रनों की पारी खेली, वहीं भारत के लिए पूजा वस्त्राकर ने 4, स्नेह राणा ने 3 और दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट लिए। गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने पहली पारी में दीप्ति शर्मा (78), स्मृति मंधाना (74), जेमिमाह रोड्रिग्ज (73) और रिचा घोष (52) की अर्धशतकीय पारी के दम पर 406 रन बनाये और 187 रन की बढ़त ली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बेहतर बल्लेबाजी की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के कारण टीम सिर्फ 261 रन ही बना सकी।

भारतीय टीम को जीत के लिए 75 रनों का लक्ष्य मिला। भारतीय टीम ने स्मृति

मंधाना (38) की पारी के दम पर 18.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच की पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 4 विकेट लेने वाली स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

- भारतीय महिला टीम ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है।
- इससे पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 347 रन से हराया था।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में भारत को हराया

सेंचुरियन, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में खेले गए टेस्ट मैच को दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 32 रन से जीत लिया है। दूसरी पारी में भारतीय टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में के.एल. राहुल (101) के शतक के साथ 245 रन बनाये, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने डीन एल्गर (185) के शतक और मार्को यानसेन (84) के अर्धशतक की बदौलत पहली पारी में 408 रन बनाये। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (76) एक छोर पर टिके रहे, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी अंडर-19 टीम

मुंबई, भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम आईसीसी अंडर-19 टूर्वेटी-20 विश्वकप से पहले दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय टूर्वेटी-20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में भारत और दक्षिण अफ्रीका के अलावा अफगानिस्तान की टीम भी हिस्सा लेगी। यह सीरीज विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण होगी। बीसीसीआई ने बताया कि इस सीरीज का आयोजन जोहान्सबर्ग में होगा। इस सीरीज में प्रत्येक टीम एक दूसरे से दो-दो मैच खेलेंगी। सीरीज का फाइनल 10 जनवरी को खेला जाएगा।

पोलार्ड बने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सहायक कोच

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कीरॉन पोलार्ड को इंग्लैंड क्रिकेट टीम का नया सहायक कोच नियुक्त किया है। ईसीबी ने एक बयान जारी कर कहा कि धुरंधर बल्लेबाज कीरॉन पोलार्ड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आईसीसी पुरुष टूर्वेटी-20 विश्वकप के लिए इंग्लैंड टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि कीरॉन पोलार्ड ने वेस्टइंडीज के लिए 101 टूर्वेटी-20 मैच खेले है और 1569 रन बनाये तथा 42 विकेट लिए हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने वर्ष 2023 में सबसे ज्यादा गोल दागे

जेद्दाह, पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने विश्व फुटबॉल में अपना दबदबा कायम रखा है। रोनाल्डो ने वर्ष 2023 का अंत शीर्ष गोल स्कोरर के रूप में किया है। रोनाल्डो वर्ष 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए हैं। रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अल नासर क्लब के लिए खेलते हुए अल इतिहाद क्लब के खिलाफ दो गोल किए।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए वर्ष 2023 बेहद शानदार रहा है। रोनाल्डो ने वर्ष 2023 की शुरुआत में अल नासर क्लब के साथ करार किया, इससे पहले वे मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब के लिए खेल रहे थे। रोनाल्डो के टीम में रहते हुए अल नासर क्लब ने वर्ष 2023 में अरब क्लब चैम्पियंस कप का खिताब जीता है। वर्ष 2023 में रोनाल्डो के अलावा बायर्न म्युनिख के हैरी केन और पेरिस सेंट जर्मेन के किलियन एम्बाप्पे ने 52-52 गोल किए हैं।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को टूर्वेटी-20 सीरीज में हराया

तरौबा, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पटखनी देते हुए 5 मैचों की टूर्वेटी-20 सीरीज को 3-2 से अपने नाम किया है। वेस्टइंडीज ने सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लिश टीम महज 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए गुडाकेश मोती ने घातक गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम भी खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर सकी, हालांकि टीम ने 19.2 ओवर में जरूरी रन बना लिए।

ईपीएल की पहली महिला रेफरी बनीं रेबेका वेल्च

लंदन, इंग्लैंड की महिला फुटबॉल रेफरी रेबेका वेल्च इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में रेफरी बनने वाली पहली महिला बन गई हैं। रेबेका ने ईपीएल में फुल्हम और बर्नले के बीच खेले गए मैच में रेफरी की भूमिका निभाई। इस मैच में बर्नले ने 2-0 से जीत दर्ज की। मैच के बाद बर्नले के मैनेजर क्रिस्टॉल कॉपानी ने इसे बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि मैं रेबेका को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि यह बड़ा लम्हा है। यह कहना सही होगा कि ये एक मील का पत्थर है।

पहलवान पूजा ढांडा पर लगा एक वर्ष का प्रतिबंध

नई दिल्ली, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने भारत की दिग्गज महिला पहलवान पूजा ढांडा पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। नाडा ने कहा कि पूजा ने वर्ष 2022 में 12 महीने की अवधि के दौरान स्थान संबंधी नियमों का तीन बार उल्लंघन किया था। पूजा दो बार फाइलिंग और एक बार टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हुई हैं। नाडा ने कहा कि ये अनुच्छेद 2.4 के तहत डोपिंग संबंधी नियम का उल्लंघन है।

ओलिंपिक क्वालिफायर के लिए महिला खिलाड़ियों का शिविर आयोजित

बेंगलुरु, हॉकी इंडिया ने ओलिंपिक क्वालिफायर और महिला हॉकी फाइव्स विश्वकप की तैयारी के लिए भारतीय महिला टीम की संभावित खिलाड़ियों के लिए सीनियर महिला हॉकी शिविर का आयोजन किया है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस शिविर में 34 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। स्पेन में पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था, अब सीनियर टीम की सदस्य इस शिविर में हिस्सा ले रही हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि पांच देशों का हॉकी टूर्नामेंट ओलिंपिक क्वालिफायर से पहले टीम की तैयारियों को परखने का अच्छा मौका था। हमने उन क्षेत्रों की पहचान की है, जहां सुधार की गुंजाइश है। इस शिविर के दौरान हम इन क्षेत्रों पर काम करेंगे।

ओलिंपिक हॉकी क्वालिफायर 13 से 19 जनवरी तक रांची में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जर्मनी, जापान, चिली और चेक रिपब्लिक को ग्रुप-ए में रखा गया है। वहीं भारत को ग्रुप-बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। इस टूर्नामेंट के बाद भारतीय महिला टीम हॉकी फाइव्स विश्वकप में हिस्सा लेगी। यह विश्वकप 24 से 27 जनवरी तक ओमान में खेला जाएगा।

महिला शिविर के लिए संभावित खिलाड़ी

गोलकीपर- सविता पूनिया, रजनी एतिमार्पू, बिचू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी।

डिफेंडर- दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिता चौधरी, अक्षता अबासो देकाले, ज्योति छेत्री और महिमा चौधरी।

मिडफील्डर- निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के और अजमीना कुजूर।

फॉरवर्ड- लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग।

फीफा क्लब विश्वकप

मैनचेस्टर सिटी पहली बार बना चैम्पियन

जेद्दाह, इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने फीफा क्लब विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार यह वैश्विक टूर्नामेंट जीता है। फीफा क्लब विश्वकप के फाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने ब्राजीलियन क्लब फ्लूमिनेंस को 4-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैनचेस्टर सिटी का वर्ष 2023 में यह पांचवां खिताब है।

मैनचेस्टर सिटी की टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और महज 40 सेकेंड के अंदर पहला गोल दागा। यह गोल अर्जेंटीना के जूलियन अल्वारेज ने किया। यह फीफा क्लब विश्वकप के इतिहास का सबसे तेज गोल है। इस गोल के बाद मैनचेस्टर सिटी ने फ्लूमिनेस क्लब पर दबाव बनाया। इस दबाव के कारण फ्लूमिनेंस के कप्तान निनो ने 27वें मिनट में फिल फोडेन के शॉट को रोकने के प्रयास में अपने ही गोलपोस्ट में गोल कर दिया। दूसरे हाफ के 72वें मिनट में फिल फोडेन ने अल्वारेज के पास को गोल में तब्दील कर अपनी टीम की बढ़त को तीन गुना कर दिया। मैनचेस्टर सिटी के लिए चौथा गोल जूलियन अल्वारेज ने मैच के 88वें मिनट में किया।

- मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार फीफा क्लब विश्वकप टूर्नामेंट जीता है।
- मैनचेस्टर सिटी ने वर्ष 2023 में यूएफा चैम्पियंस लीग, प्रीमियर लीग, एफए कप और यूएफा सुपर कप भी जीता है।
- रियल मैड्रिड ने 5 बार जीता है फीफा क्लब विश्वकप।
- फीफा क्लब विश्वकप जीतने वाला चौथा इंग्लिश क्लब है मैनचेस्टर सिटी।

नए रूप में खेला जाएगा क्लब विश्वकप

फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने कहा है कि वर्ष 2025 में खेले जाने वाला फीफा क्लब विश्वकप अब नए कलेवर में आयोजित किया जाएगा। इस विश्वकप में टीमों की संख्या बढ़ाकर 32 की जाएगी। इन 32 टीमों में 12 टीमें यूरोप की होंगी, वहीं दक्षिण अमेरिका की 6, उत्तर अमेरिका की 5, एशिया की 4, अफ्रीका की 4 और ओशिनिया की एक टीम फीफा क्लब विश्वकप में खेलती हुई नजर आयेगी।

खेल मंत्रालय ने किया

कुश्ती संघ को निलंबित

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। खेल मंत्रालय ने कहा कि नियमों की अवहेलना के कारण कुश्ती संघ को निलंबित किया गया है। नवनिर्वाचित कुश्ती संघ ने पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना ही अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की थी, जोकि डब्ल्यूएफआई के प्रावधानों और राष्ट्रीय खेल विकास नियमों का उल्लंघन है।

आईओए ने तदर्थ समिति का किया गठन

खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) को भारतीय कुश्ती संघ के प्रबंधन संबंधी मामलों के संचालन के लिए एक समिति का गठन करने का आदेश दिया, जिसके बाद आईओए ने तीन सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की है। इस समिति की अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह बाजवा करेंगे। इनके अलावा समिति में पूर्व ओलिंपियन और हॉकी खिलाड़ी एम.एम. सोमाया और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर सदस्य बनायी गई हैं। तदर्थ समिति डब्ल्यूएफआई के संचालन का कामकाज देखेगी। तदर्थ समिति खिलाड़ियों का चयन, खेल गतिविधियों का आयोजन और अन्य सभी जिम्मेदारी संभालेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

प्लैटो में हुई हिंसा
300 से अधिक घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

अफ्रीका के नाइजीरिया के मध्य राज्य प्लैटो में हुए हिंसक हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 113 हो गई है। मध्य नाइजीरिया में सरवाहों और किसानों के बीच अक्सर झड़पें होती हैं। मई के बाद पहली बार इतनी भीषण हिंसा देखने को मिली है। उस समय किसान-चरवाहों के हमलों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। इससे पहले

मध्य नाइजीरिया में भीषण हिंसा, हमलों में अब तक 113 लोगों की मौत

नाइजीरिया की सेना के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि ताजा हमलों में 16 लोग मारे गए हैं। प्लैटो राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार हमलों में 113 लोग मारे गए हैं। सुनियोजित तरीके से यह हमले किए गए। लुटेरों ने कम से कम 20 विभिन्न समुदायों पर हमला किया। उन समुदायों के 113 शव बरामद किए गए हैं। साथ ही 300 से अधिक घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी नहीं दी कि हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। राज्य के पुलिस के प्रवक्ता की ओर से अभी कोई टिप्पणी नहीं आई है। प्लैटो राज्य में कई जातीय और धार्मिक समुदाय के लोग रहते हैं। यहां हाल के वर्षों में सांप्रदायिक संघर्ष में सैकड़ों लोगों की जान गई है।

भुखमरी के कगार पर गाजा की जनता, राहत सामग्री लूट रहे लोग

युद्ध संघर्ष से जूझ रही गाजा पट्टी की जनसंख्या भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही युद्धविराम नहीं हुआ तो हालात बिगड़ जाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि गाजा में हालात इस कदर खराब हैं कि वहां के 36 अस्पतालों में से महज 15 ही आधी-अधूरी सुविधाओं के साथ काम कर रहे हैं।

गाजा में तुरंत युद्धविराम करने की जरूरत - डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि अगर खाने की सप्लाई ऐसे ही बाधित होती रही तो उनके लिए गाजा में राहत कार्य करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बीते हफ्ते संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने पर सहमति बनी लेकिन संघर्ष विराम को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ। इस पर डब्ल्यूएचओ चीफ का कहना है कि मानवीय मदद की सप्लाई से उन्हें थोड़ी उम्मीद बनी है कि गाजा में हालात बेहतर होंगे लेकिन गाजा में तुरंत युद्धविराम करने की जरूरत है।

डब्ल्यूएचओ ने की अपील

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के चीफ टेड्रोस गैब्रेसियस ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि गाजा में युद्धविराम के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं वरना गाजा में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो सकता है। फिलहाल गाजा में भुखमरी और गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

(स्रोत: संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

कोंडा माधव रेड्डी की 100वीं वर्षगांठ

'दंड' विधान अब 'न्याय' विधान बन गया है यह कदम बेहद क्रांतिकारी परिवर्तन है - उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आंध्रप्रदेश और बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल, दिवंगत न्यायमूर्ति कोंडा माधव रेड्डी की 100वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने तीन नए आपराधिक संहिता विधेयकों को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी का स्वागत करते हुए कहा कि इन नए कानूनों ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर दिया है। सजा की बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नए कानूनों की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण तथा क्रांतिकारी परिवर्तन बताया। उन्होंने कहा कि 'दंड' संहिता अब 'न्याय' संहिता बन गई है।

महत्वपूर्ण निर्णयों में था योगदान

उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यायमूर्ति कोंडा माधव रेड्डी के जीवन का केंद्रीय संदेश समावेशी समाज था। भारतीय इतिहास और तर्कों को आकार देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों में उनका योगदान था। उन्होंने कहा कि हमें मूल्यों के साथ जीना चाहिए। उनकी कृषि से जुड़ी जड़ों का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक किसान पुत्र होने के नाते, मैं न्यायमूर्ति रेड्डी के निर्णयों के माध्यम से ग्रामीण संघर्षों को कम करने के उनके प्रयासों से प्रेरित हूं। उन्होंने उन लोगों को आवाज दी जिनके बारे में माना जाता था कि वे आवाजहीन हैं।

जीवंत लोकतंत्र का आधार होना चाहिए

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी के करीब हैं। हमें न्यायमूर्ति रेड्डी द्वारा प्रतिपादित और बल दिए गए आदर्शों- सेवा, न्याय और करुणा को याद रखना चाहिए, क्योंकि इन्हें एक समावेशी समाज और एक जीवंत लोकतंत्र का आधार बनना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से किया 'ऑनलाइन संवाद'

यात्रा एक नजर में

- 15 नवंबर 2023 को झारखंड से शुरू हुई यात्रा 26 जनवरी 2024 तक चलेगी
- 3 बार लाभार्थियों से अब तक प्रधानमंत्री ने किया संवाद

मोदी की गारंटी की गाड़ी जहां भी जा रही है, लोगों का भरोसा बढ़ा रही है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने का यह अभियान लगातार बढ़ रहा है। यह यात्रा शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं, लेकिन अब तक यह यात्रा 2.25 लाख गांवों तक पहुंच चुकी है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस यात्रा का उद्देश्य उस व्यक्ति तक पहुंचना है, जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं उन लोगों की तलाश कर रहा हूं जो योजनाओं से वंचित रह गए हैं। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों के बीच अभूतपूर्व आत्मविश्वास का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश भर में प्रत्येक लाभार्थी के पास पिछले 10 वर्षों में हुए बदलावों को लेकर उनकी कहानी है जो साहस से भरी है।

लोगों का भरोसा बढ़ा रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी की गाड़ी जहां भी जा रही है वहां लोगों का भरोसा बढ़ा रही है और लोगों की उम्मीदों को पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि वीवीएसवाई के दौरान उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए आवेदन दाखिल किए गए हैं, एक करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, 1.25 करोड़ स्वास्थ्य जांच की गई हैं, 70 लाख लोगों की टीबी के लिए जांच की गई है और 15 लाख सिकल सेल एनीमिया परीक्षण किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक साथ आभा कार्ड जारी करने से लाभार्थियों का मेडिकल रिकॉर्ड तैयार होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि कई नए लोगों को लाभ मिल रहा है और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए उनसे गांव, वार्ड, शहर और इलाके में प्रत्येक पात्र व्यक्ति की पहचान करने को कहा।

ग्रामीण महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने के लिए एक बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ बहनें, बेटियां और दीदियां स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इनको बैंकों द्वारा साढ़े सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी गई है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इसको और विस्तारित करने के लिए, मैंने अगले तीन वर्षों में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का भी जिक्र किया जिससे ग्रामीण महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। एक जिला एक उत्पाद योजना के बारे में भी बात की और 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

भू-राजनीति और रणनीतिक रूप से हमेशा मजबूत रहेंगे भारत और रूस: डॉ. एस जयशंकर



भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर रूस के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। रूस के विदेश मंत्री और अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात से पहले डॉ. जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीति और रणनीतिक रूप से एक दूसरे पर निर्भरता की वजह से भारत और रूस के संबंध हमेशा मजबूत रहेंगे। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वहा रूसी नेताओं के साथ दोनों देशों में कनेक्टिविटी बढ़ाने, क्षेत्रीय संघर्ष आदि मुद्दों पर बात होगी।

उल्लेखनीय है कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद दुनियाभर में रूस के इस कदम की आलोचना हुई, लेकिन भारत ने दबाव के बावजूद अपने पुराने मित्र देश की आलोचना नहीं की। भारत ने साफ किया कि वह युद्ध के खिलाफ है, कूटनीति और बातचीत से विवाद का हल होना चाहिए। यूक्रेन से युद्ध के बाद भारत ने रूस के बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और लोगों के लोगों से संबंध मजबूत करने पर फोकस किया जा रहा है।

10 साल पहले लापता हुए मलेशिया के विमान की खोज शुरू

लगभग 10 साल पहले लापता हुआ मलेशिया के विमान एमएच370 की खोज शुरू हो गई है। यह मलेशियाई फ्लाइट 2014 में गायब हुई थी। अब विशेषज्ञों ने दावा किया है कि नए सिरे से तलाशी शुरू करने पर विमान को कुछ ही दिनों में खोजा जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ एएरोस्पेस विशेषज्ञों ने दावा किया है कि रहस्य 10 दिनों में सुलझाया जा सकता है। जाहिर है कि 227 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ विमान आठ मार्च, 2014 को लापता हो गया था। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, एयरोस्पेस विशेषज्ञ जीन-ल्यूक मारचंद और पायलट पैट्रिक ब्लेली ने नए सिरे से तलाशी शुरू करने का आह्वान किया है। दोनों का दावा है कि एक दशक से लापता मलेशियाई विमान कुछ ही दिनों में खोजा जा सकता है।

मिशन मून

जापान के मून स्नाइपर लैंडर ने चंद्रमा की कक्षा में किया प्रवेश

भारत के चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अन्य देश भी अब चांद पर पहुंचने के लिए इसरो की राह पर हैं। जापान के मून स्नाइपर लैंडर ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर लिया। 'स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून' को मून स्नाइपर नाम दिया गया है। स्लिम का मुख्य उद्देश्य चुनी गई साइट के 100 मीटर के भीतर सटीक लैंडिंग का प्रदर्शन करना है। अगर यह मिशन सफल होता है तो अमेरिका, रूस, चीन और भारत के बाद जापान चंद्रमा पर सफलतापूर्वक यान उतारने वाला पांचवां देश बन जाएगा। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बयान में बताया कि स्लिम को जापान के समयानुसार शाम चार बजकर 51 मिनट पर चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। एजेंसी ने कहा कि लैंडर ने योजना के स्वरूप ही काम किया। फिलहाल कोई समस्या नहीं दिख रही है। सब सही है।

20 तक चांद पर बैठा होगा लैंडर

अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि लैंडर चांद की सतह पर 20 जनवरी को जापानी समयानुसार देर रात करीब 12 बजे उतरना शुरू करेगा। गौरतलब है, जापान ने स्लिम नाम का अपना एक मून लैंडर चांद के लिए लॉन्च किया था। सात सितंबर को जापान के स्थानीय समयानुसार सुबह 8.42 बजे यह अंतरिक्ष यान लॉन्च हुआ था। जापान के एच 2ए रॉकेट के जरिए यह तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ। इसके अलावा जापान एक अंतरिक्ष टेलीस्कोप भी ले गया है।

तीन बार टालना पड़ा था मिशन

जापान की अंतरिक्ष एजेंसी को अगस्त में तीन बार अपना यह मिशन टालना पड़ा था। इसके पीछे का कारण खराब मौसम था। बार-बार खराब मौसम के कारण जापानी अंतरिक्ष एजेंसी को मून मिशन की लॉन्चिंग की तारीख को बदलना पड़ा, लेकिन आखिरकार जापान ऐसा करने में सफल रहा। तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से (एच2ए) रॉकेट के जरिए यह लॉन्चिंग की गई है। जापानी एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेक्सा) द्वारा लॉन्च किया जाने वाले मून मिशन 'मून स्नाइपर' में रॉकेट एक लैंडर को ले गया है।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक - विवेक पोरवाल, मुद्रक - विवेक पोरवाल द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।